दैनिक जागरण / 19/02/2018

# ाओं के अनुसार हो

सप्ताह का साक्षात्कार



एसडीएम धीरा संजय कुमार • जागरण

ा के विकास के लिए थमिकता होगी?
भी क्षेत्रों में विकास न योजनाएं बनाई नता की सुविधाओं खकर कार्य किया

ब डिवीजन होने के ुनौतियों का किस रेंगे?
या सब डिवीजन है चुनौतियों का प्रश्न ाता है। क्योंकि यह लमपुर उपमंडल का सब डिवीजन बनने से इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कम हो चुका है। इससे विकास को गति देने और सरकारी योजनाओं से जनता को लाभांवित करने में आसानी होगी।

## चालक एवं परि



स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में रविवार को राज्यस्तरीय रोवर एंड रेंजर मूट शुरू होन पर उपस्थित प्रतिभागी • जागरण

अमर उजाला / 19/02/2018

# वभारत निर्माण के लिए सहयोग करें युवा : कपूर

## शाला में स्काउट्स एवं गाइड्स के मूट कार्यक्रम का आगाज

ाजाला ब्यूरो

।।

### खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि किया संबोधित

 महाविद्यालय धर्मशाला में दिवसीय भारत स्काउट्स एवं के राज्य स्तरीय रोवर एवं मूट का शुभारंभ हुआ। इस र खाद्य एवं आपूर्ति मामले किशन कपूर ने बतौर थि शिरकत की।
न्होंने युवाओं से अपनी क क्षमता पहचानने और नए के निर्माण के लिए समर्पण से में जुटने का आह्वान किया। कहा कि आज के बालक-का देश का उज्ज्वल कल हैं और एक आदर्श समाज, उन्नत प्रदेश एवं सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छ एवं अनुकरणीय शासन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और कहा कि प्रधानमंत्री के समर्थ नेतृत्व में विश्वभर में भारत का रुतबा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जिस समर्पण से कार्य करते हैं, वह सभी के लिए अनुकरणीय है । उन्होंने स्काउट्स एवं गाइड्स की विपरीत परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदा के दौरान दी जाने वाली सेवाओं की सराहना की। इस दौरान धर्मशाला कॉलेज के प्रधानाचार्य एसके मेहता, डॉ. देवेंद्र कश्यप, रमेश अटवाल, डॉ. विजय शर्मा, सरोज, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित रहे। पांच दिवसीय मूट कार्यक्रम में साल भर किए कामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रश्नोतरी सत्र रहेगा। इसमें स्काउट्स एवं गाइड्स से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। साथ ही प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।



धर्मशाला कॉलेज के सभागार में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य स्तरीय रोवर एवं रेंजर मूट के शुभारंभ पर संबोधित करते खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री किशन कपूर। अमर उजाला

दिव्य हिमाचल 17/02/2018

# छात्रों ने सुनी पीएम की परीक्षा पर चर्चा

धर्मशाला – राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में प्रधानमंत्री द्वारा छात्रों के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के प्रसारण का आयोजन किया गया। इसमें करीब पांच हजार विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के सभी अध्यापक तथा तमाम कर्मचारी वर्ग ने खेल प्रांगण में साथ मिलकर सुना। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील के. मेहता ने छात्रों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रोत्साहित तथा प्रेरित किया। सभी विभागों के छात्र तथा अध्यापक सुबह 11 बजे ही महाविद्यालय के खेल परिसर में एकत्रित हुए, जबकि कार्यक्रम 11 बजकर 20 मिनट पर आरंभ हुआ, जिसमें देश भर के स्कूलों से आए हुए लगभग 1400 छात्रों ने प्रधानमंत्री से परीक्षा के समय आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सीधे तौर पर बातचीत तथा मंत्रणा की।

२५२

अमर उजाला / दिनांक 21/02/2018

# रोवर्स और रेंजर्स ने बताया स्वच्छता का महत्व

## स्काउट एंड गाइड के मूट कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय भारत स्काउट एंड गाइड मूट कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम धर्मशाला धर्मेश रमौत्रा मौजूद रहे।

एसडीएम ने रोवर्स और रेंजर को संबोधित किया। तीसरे दिन कार्यक्रम में रोवर्स और रेंजर्स ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। भारत स्काउट एंड रोवर रेंजर मूट के तहत चलने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के 27 कॉलेजों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें 648 छात्र शामिल हैं। स्पर्धा के तीसरे दिन

### धर्मशाला कॉलेज में दिखा अलग-अलग परिधानों और वेशभूषा का संगम

धर्मशाला कॉलेज से लेकर के शहर के कई स्थानों में रैली निकाली। इसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वच्छ भारत के तहत बेहतर समाज का निर्माण करना था। इस अवसर पर 48 छात्र रोवर रेंजर्स का दल एक दिवसीय रात्रि कैंप के लिए धर्मशाला के इंद्रुनाग की पहाड़ियों में बसे गांव बंगलोटु भी गया। इस दल को एसडीएम ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्रों की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा का सेमिफाइनल राउंड भी खेला गया, इसमें छह टीमों ने भाग लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा का अंतिम परिणाम कार्यक्रम के अंतिम दिन घोषित किया जाएगा। कई प्रतिभागी अलग-अलग परिधानों और वेशभूषा के साथ नजर आए, इस दौरान अलग-अलग कॉलेजों के प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हिमाचल स्काउट्स सहायक आयुक्त रोहित ठाकुर और राज्य ऑर्गेनाइजेशन कमीशन के एनएस मिन्हास और धर्मशाला कालेज के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मेहता, राज्य सेक्रेटरी डाक्टर देवेंद्र कश्यप, राज्य मुख्यालय से आए हुए कई गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



धर्मशाला कॉलेज में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्काउट्स एंड गाइड।

धर्मशाला, मंगलवार, 20 मार्च, 2

# धर्मशाला का

## टेक्नो मैनेजमेंट फे

सिटी रिपोर्टर, धर्मशाला

डिग्री कालेज धर्मशाला में सोमवार को टेक्नो मैनेजमेंट फेस्ट का आयोजन एमसीए व एमबीए विभाग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य सुनील कुमार मेहता ने की। इस कार्यक्रम में ट्रैजर हंट, एक्सटेंपरी, ऐड मैड शो और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, भांगड़ा व झमाकड़ा की रंगारंग प्रस्तुतिया दीं। कार्यक्रम में डा. सतीश ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति से खू तालियां बटोरीं। प्रतियोगिताओं मे ट्रैजर हंट में प्रथम स्थान पर विजय

दैनिक जागरण / 24/02/2018

# सड़क हादसों के लिए मानवीय गलतियां जिम्मेदार

## मानवीय गलतियों के कारण हो रहे 90 फीसद हादसे, थोड़ी सी समझदारी से बदल सकती है सामाजिक सोच

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** सड़क पर होने वाले हादसों को तो हर कोई देखता है, लेकिन हादसों से प्रभावित होने वाले परिवारों के बारे में कोई नहीं सोचता। युवाओं को रफ्तार पसंद है लेकिन वाहन चलाते वक्त शायद युवा तेज रफ्तार के परिणामों को भूल जाते हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के किनारे लगाए जाने वाले चेतावनी बोर्ड सिर्फ दिखाने के लिए नहीं, बल्कि आपकी ही सुरक्षा के लिए लगाए जाते हैं, इन चेतावनी बोर्डों का अर्थ समझना चाहिए। यह बात जिला पुलिस प्रमुख संतोष पटियाल ने शुक्रवार को 'दैनिक जागरण' के यातायात जागरूकता पर आयोजित 'आखिर जान है आपकी' अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में एमबीए व एमसीए विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन एमबीए छात्रा भावना महाजन ने किया। कार्यक्रम में जिला पुलिस प्रमुख कांगड़ा संतोष पटियाल ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपने संबोधन में कहा कि हर कोई व्यक्ति अपने आसपास होने के वाले सड़क हादसों को कुछ समय के लिए याद रखता है, लेकिन कोई भी व्यक्ति यह नहीं देखता कि पूरे भारत में हर साल कितने सड़क हादसे होते हैं। हर साल देश में औसतन डेढ़ लाख गंभीर सड़क हादसे होते हैं, जिसमें लाखों लोगों की जान जाती है, वहीं यदि जिला कांगड़ा की बात की जाए तो यहां हर रोज एक सड़क हादसा होता है। सड़क हादसे कितने गंभीर होते हैं, यह पता लगाने के लिए कभी पुलिस थानों में आना चाहिए वहां खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों की स्थिति में पता चल जाएगा कि यह कितने गंभीर होते हैं। बकौल पटियाल हादसा होने के बाद आमतौर पर लोग कहते हैं कि पता नहीं कैसे हादसे हो गया, लेकिन 90 फीसद सड़क हादसे मानवीय गलतियों के कारण होते हैं, केवल 10 प्रतिशत हादसे मे तकनीकी खराबी के कारण ही होते हैं, हालांकि इसके लिए भी खुद व्यक्ति की जिम्मेवारी है जो अपने वाहन का ध्यान भी नहीं रखते। उन्होंने नशे के खिलाफ भी विद्यार्थियों को जागरूक किया और उन्हें इनके दुष्परिणाम बताए। इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने यातायात को लेकर उनसे सवाल भी पूछे।





दैनिक जागरण की ओर से धर्मशाला कॉलेज में ट्रैफिक जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी • जागरण

**दैनिक जागरण**

- जिला पुलिस प्रमुख ने युवाओं को दिए यातायात नियमों के पालन के लिए टिप्स




### सुझाव

- सड़क के किनारे लगे चेतावनी बोर्डों पर ध्यान दें।
- वाहन की गति पर नियंत्रण।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन और गाने न सुनना।
- शराब पीकर वाहन न चलाना।
- चोपहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
- दोपहिया वाहन में चालक व साथ बैठा व्यक्ति दोनों हेलमेट का प्रयोग करें।




धर्मशाला कॉलेज मे यातायात जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित एसपी कागडा संतोष पटियाल व कॉलेज के प्राचार्य सुनील मेहता • जागरण

### पाठकों के लिए

अभियान से संबंधित प्रतिक्रिया या सुझाव इन वाट्सएप नंबरों पर साझा करें। -94180-01474, 94180-00273, 94180-80099, 94183-15830 ई-मेल पर भी दें सुझाव दें।

dharamshala@drm.jagran.com

### छोटी-छोटी जागरूकता बदल सकती है व्यवस्था

सड़क हादसों का ग्राफ कम करने के लिए बहुत बड़े बदलाव करने की जरूरत नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति अपने-अपने स्तर पर छोटे छोटे बदलाव करे तो सुरक्षित यातायात का सपना साकार हो सकता है।

### बालों से ज्यादा जरूरी है जान व फेस वैल्यू

युवा दोपहिया वाहन ...ी बार यह सोचते हैं कि हेल... पहनने से उनके बाल खराब हो जाएंगे, लेकिन बिना हेल्मेट हादसा होने पर सबसे अधिक नुकसान सर का ही होता है। संतोष पटियाल ने चुटकी लेते हुए कहा कि यदि हादसे में मुंह पर चोट आ जाए तो व्यक्ति की फेस वैल्यू खत्म हो जाती है। इसलिए सावधानी बरतें।

### ये रहे मौजूद

एमबीए विभाग के समन्वयक डॉ. मदन गुलेरिया, अखिल गौतम, अंकिता सूद, मेघना सूद व प्रियंका शर्मा, एमसीए समन्वयक डॉ. प्रमोद पटियाल, डॉ. सतीश सूद, डॉ. पवन ठाकुर, सचिन अवस्थी व सुशीला पटियाल मौजूद रहे।

### ...द को करना होगा ...ागरूक : प्राचार्य

...लेज के प्राचार्य सुनील मेहता ने कहा कि ...दसे तभी रुक सकते हैं, जब सभी जागरूक ...। उन्होंने दैनिक जागरण के इस अभियान ... सराहना करते हुए कहा कि मीडिया को ऐसे ...ियान चलाते रहना चाहिए, ताकि लोग हादसों ...प्रति जागरूक हों। इससे पहले उन्होंने एसपी ...ोष पटियाल का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत ...या और कॉलेज के विभिन्न विभागों की ...नकारी भी दी।

243

(दिव्य हिमाचल)

धर्मशाला, मंगलवार, 20 मार्च, 2018

# धर्मशाला कालेज में झमाकड़े की धूम

## टेक्नो मैनेजमेंट फेस्ट में छात्र-छात्राओं ने जमकर बांधा समां

■ सिटी रिपोर्टर, धर्मशाला



डिग्री कालेज धर्मशाला में सोमवार को टेक्नो मैनेजमेंट फेस्ट का आयोजन एमसीए व एमबीए विभाग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य सुनील कुमार मेहता ने की। इस कार्यक्रम में ट्रैजर हंट, एक्सटेंपरी, ऐड मैड शो और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, भांगड़ा व झमाकड़ा की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में डा. सतीश ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिताओं में ट्रैजर हंट में प्रथम स्थान पर विजय, द्वितीय स्थान पर अतुल और तृतीय स्थान पर अंकुर रहे। आइक्रिएटिविटी पहले स्थान पर अरविंद और जतिन, दूसरे स्थान पर सोनिया और सुमित मेहरा व तीसरे स्थान पर नवीन और अनुपम ने कब्जा जमाया। क्विज कंपीटीशन में मेघना व हैप्पी ने पहला, शाखें व रजनीश दूसरे स्थान रहे। इस मौके पर अकादमिक डीन एचपीटीयू डा. एनएन शर्मा, एमबीए को-आर्डिनेटर डा. मदन गुलेरिया, डा. अजय कटोच, डा. प्रवेश गिल, डा. पवन ठाकुर, डा. सतीश ठाकुर, प्रो. अखिल, प्रो. सचिन अवस्थी, प्रो. मेघना सूद व प्रो. प्रियंका मौजूद रहीं।

---

24/3/18 (दैनिक जागरण)

# 17 विद्यार्थियों को मिली नौकरी



धर्मशाला महाविद्यालय में एमबीए विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चुने गए विद्यार्थी कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता के साथ ● जागरण

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला व क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में ज्वाइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। दो भागों में आयोजित ड्राइव में धर्मशाला कॉलेज और रीजनल सेंटर के एमबीए चौथे सेमेस्टर के 17 विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों को नौकरी के लिए चुना गया है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने बताया कि यहां पढ़ने वाले छात्रों को संस्थान से ही नौकरी मिल सके, इसके लिए प्लेसमेंट ड्राइव चलाई गई है।

एमबीए समन्वयक डॉ. मदन गुलेरिया ने बताया कि हाल ही में हुए इंटरव्यू में कॉलेज में नौ विद्यार्थियों को नौकरी मिली है, जबकि इस पूर्व आठ छात्रों को नौकरी के लिए चुना गया है।

---

...म्मेदार

...माजिक सोच



...हे जान व फेस वैल्यू

...ा ही होता है। संतोष पटियाल ने ...टकी लेते हुए कहा कि यदि हादसे ... मुंह पर चोट आ जाए तो व्यक्ति ... फेस वैल्यू खत्म हो जाती है। ...लिए सावधानी बरतें।

... करना होगा

...क : प्राचार्य

...चार्य सुनील मेहता ने कहा कि ...ो सकते हैं, जब सभी जागरूक ...निक जागरण के इस अभियान

---

दिव्य हिमाचल 26/06/18

धर्मशाला, मंगलवार, 26 जून, 2018

# धर्मशाला में आज पहली मै...

## महाविद्यालय में 2440 सीटों को 2701 आवेदन, सूची में आने वाले छात्रों को फ...

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा के अधिकतर महाविद्यालयों में मंगलवार को पहली मैरिट लिस्ट जारी होगी। धर्मशाला कालेज में 2440 सीटों को 2701 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। पहली मैरिट सूची में आने वाले छात्रों को फीस जमा करवाने का मौका मिलेगा। वहीं, रिक्त सीटों के लिए दूसरी मैरिट सूची भी जारी की जाएगी। इतना ही नहीं, उसके बाद भी खाली रहने वाली सीटों पर वेटिंग में चल रहे छात्रों को एडमिशन का मौका प्रदान किया जाएगा।

### किस विषय में कितनी सीटें

प्रत्येक कला विषय के लिए 80 सीटें भरी जाएगी, जबकि वहीं विज्ञान में 120 सीटें और कॉमर्स में 200 भरने का प्रावधान है। विज्ञान में सबसे कम आवेदन 103 जियोलॉजी विषय में हुए जबकि बोटनी में 172, जूलॉजी में 189, केमिस्ट्री में 213, फिजिक्स में 282 आवेदन हुए हैं। आर्ट्स विषयों में हिस्ट्री को 166, पोल साइंस को 129, जियोग्राफी को 112, इंग्लिश को 112, सोशियोलॉजी को 102, अर्थशास्त्र को 64, मनोविज्ञान को 31, टूरिज्म को 23 और शारीरिक विज्ञान को 34 आवेदन प्राप्त हुए है।



कालेज कैंपस

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए पहली मैरिट सूची मंगलवार को जारी होगी। 26 विषयों के लिए दो हजार चार सौ चालीस सीटों के लिए लगभग दो हजार सात सौ एक आवेदन प्राप्त हुए। इसमें कॉमर्स विषय के लिए सबसे ज्यादा 411 आवेदन किए गए, जबकि गणित विषय के लिए 324 आवेदन प्राप्त हुए। इस वर्ष कालेज ने दो नए विषय डांस और फिलॉसफी भी आरंभ किए, जिसमें फिलॉसफी के लिए अठारह और डांस में मात्र तीन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। कालेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि मंगलवार को पहली मैरिट की सूची शाम को चार बजे के बाद कालेज आफिस के बाहर लगाई जाएगी।

दिव...

नगरोट...



...की अध्यक्षता ... मिल ... दाखिल ... करवा ... रजि ... इस पर ... रिंडे बा ... करी

(२५५)



# धर्मशाला में हिस्ट्री की मैरिट 97.8 %

## महाविद्यालय में कट ऑफ लिस्ट जारी, एडमिशन के लिए बढ़ी छात्रों की धुकधुकी



कालेज कैंपस

▪ नितिन राव, धर्मशाला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के 2018-19 शैक्षणिक सत्र के लिए अपनी पहली मैरिट लिस्ट जारी कर दी है। इसमें आर्ट्स संकाय के इतिहास विषय में उच्चतम मैरिट लिस्ट 97.8 प्रतिशत रही है, वहीं बीएससी के केमिस्ट्री विभाग में 96 प्रतिशत और कॉमर्स में उत्तम 96.2 प्रतिशत मैरिट रही है। इसके अलावा गणित विभाग की अनारक्षित वर्ग की 95.80 उच्चतम मैरिट गई है, जबकि न्यूनतम 81.40 फीसदी रही, वहीं एससी की 67.60 और एसटी की 76.20 फीसदी अंक वाले बच्चों के नाम मैरिट सूची में शामिल हैं। इसके अलावा फिजिक्स की उच्चतम 97.20, न्यूनतम 80 फीसदी मैरिट गई। एससी की 70.80 और एसटी की 74 फीसदी अंक वाले अभ्यर्थियों के नाम सूची में हैं। केमिस्ट्री में 96 फीसदी अधिकतम 79 फीसदी न्यूनतम अंक रहे, जबकि एससी 63.20 और एसटी के 72.20, बॉटनी में 92 अधिकतम, 72.80 न्यूनतम एससी 61 और एसटी 67, जूलॉजी की 91.40 अधिकतम, न्यूनतम 74.20, एससी 54.60, एसटी 68, जियोलॉजी अधिकतम 88. न्यूनतम 77.40, एससी 57.40 और एसटी में 68 अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थी का नाम मैरिट सूची में दर्ज है। कॉमर्स की अनारक्षित वर्ग में अधिकतम 96.2 और न्यूनतम 73 फीसदी मेरिट गई है, जबकि एससी 57.8 और एसटी 66 फीसदी अंक वाले को एडमिशन मिलेगी। अंग्रेजी में अनारक्षित वर्ग में 69.2, एससी और 60.4, हिंदी में अनारक्षित 64.4, एससी 60.4, एसटी 63.2, इतिहास में अधिककत 97.8 और न्यूनजम 69.8 अनारक्षित, एससी 64.8, एसटी 67.6, सोशोलॉजी 60.2 अनारक्षित, एससी 51.6, एसटी 57.2, संस्कृत 47.33 अनारक्षित, एससी 40.1, एसटी 36.8, राजनीतिक शास्त्र 71 अनारक्षित, एससी 65, एसटी 66.2, भूगोल 66.4 अनराक्षित, एससी 60, एसटी 63.8, शारीरिक शिक्षा 63 अनराक्षित, एसटी 58.8, चित्रकला 51, संगीत 50.52, संगीत वाद्य 50.8 अनारक्षित, एससी 46.8, फिलोस्फी 54.4 अनारक्षित, एसएससी और एसटी 47.8, साइकोलॉजी अनारक्षित 54.8, एसटी 48, नृत्य 43.8, अर्थशास्त्र अनारक्षित 60.8, एससी 45, एसटी 56.6, मूर्तिकला 42.6, जेएमसी 50.8 अनारक्षित, एसटी 45, कॉमर्सियल आर्ट 55.2, टूरिज्म एंड ट्रेवल 58 अनारक्षित, एससी 52.8, एसटी 53.6 अंक वाले अभ्यर्थियों का नाम मैरिट सूची में शामिल है। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला के प्रिंसीपल प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि रूसा के प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश के लिए मैरिट सूची जारी कर दी गई है



# धर्मशाला में होगी एमएससी केमिस्ट्री-जियोग्राफी !

## महाविद्यालय में पीजी कोर्स शुरू करने को एचपीयू को भेजा प्रोपोजल, एमकॉम की भी सुविधा



▪ नरेन कुमार, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के बाद राज्य के दूसरे सबसे बड़े शिक्षण संस्थान पीजी कालेज धर्मशाला में अब एमएससी केमिस्ट्री, ज्योग्राफी और एमकॉम करने का मौका भी छात्रों को मिल सकेगा। धर्मशाला स्नातकोत्तर महाद्यिालय के प्रबंधन ने नए पीजी कोर्स शुरू करने को प्रोपोजल बनाकर स्वीकृति के लिए एचपीयू शिमला को भेज दिया है। अब एचपीयू से नए एमए कोर्स शुरू किए जाने को हरी झंडी मिलने से आधे हिमाचल के छात्रों को धर्मशाला में ही बड़ी सुविधा मिल पाएगी। पीजी कालेज में अब तक इंग्लिश एमए का ही एकमात्र विषय का अध्ययन करवाया जा रहा है। पीजी कालेज धर्मशाला की तरफ से प्रदेश के हजारों छात्रों को बड़ी राहत और खुशी प्रदान करने वाली खबर मिलने वाली है। धर्मशाला महाविद्यालय में पहली बार अब एमएससी केमिस्ट्री, ज्योग्राफी और एमॅकाम विषय शुरू किए जाएंगे। कालेज में इससे पहले मात्र इंग्लिश एमए विषय को ही पढ़ाया जा रहा था, जबकि यूजी के सभी विषयों को धर्मशाला महाविद्यालय में पढ़ाया जा रहा है। पीजी के लिए छात्रों को अन्य शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालय की ओर रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन अब पहली बार आधे हिमाचल के छात्रों को बड़ी राहत प्रदान की जाएगी। इतना ही नहीं, उक्त विषयों की अधिक मांग होने के चलते छात्रों को प्रदेश के बाहर भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता था। अब धर्मशाला में पीजी के नए कोर्स शुरू होने से राज्य के छात्रों को बड़ी राहत मिल सकेगी।

> **पीजी कालेज में एमएससी केमिस्ट्री-ज्योग्राफी और एमकॉम शुरू किए जाने के लिए प्रोपोजल बनाकर स्वीकृति के लिए एचपीयू शिमला भेजा गया है। एचपीयू से स्वीकृति मिलने पर पीजी विषय धर्मशाला में शुरू कर दिए जाएंगे**
>
> **सुनील के मेहता**
> प्रिंसीपल, कालेज धर्मशाला

अमर उजाला 06/7/18

# एमबीए के दूसरे सेमेस्टर में मोनिका प्रदेश भर में प्रथम

## प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों में छाया धर्मशाला महाविद्यालय

अमर उजाला ब्यूरो



मोनिका राणा, आभा नेगी, कनिका गुप्ता, रतिका वर्मा, परिकल्पना, शिवांगी राणा, मेधा पठानिया

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की छात्राओं का डंका बजा है। महाविद्यालय की छात्रा मोनिका ने दूसरे सेमेस्टर में 9.76 सीजीपीए लेकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

चौथे सेमेस्टर में महाविद्यालय की शिवांगी राणा ने 9.61 सीजीपीए लेकर प्रदेश में दूसरा स्थान पाया है। इसके अलावा पांच अन्य छात्राओं के नाम भी टॉप-10 में हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुनील के मेहता ने बताया कि दूसरे सेमेस्टर में आभा नेगी ने 9.43 सीजीपीए छटा और मेघना ने 9.04 सीपीजीए के साथ प्रदेश में नौवा स्थान हासिल किया। चौथे सेमेस्टर में कनिका गुप्ता ने 9.52 के साथ तीसरा, परिकल्पना ने 9.49 सीजीपीए लेकर चौथा और ऋतिका ने 9.26 सीजीपीए लेकर छठा स्थान हासिल किया है। प्राचार्य ने छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए एमबीए विभाग के संयोजक डॉ मदन गुलेरिया, प्राध्यापक अखिल गौतम, मेघना सूद, अंकिता सूद और प्रियंका शर्मा सहित छात्राओं को बधाई दी।

### विवि की मेरिट में धर्मशाला की सात छात्राएं शामिल

---

दौरा | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने किया निरीक्षण, कुलपति को सौंपेगी रिपोर्ट

# धर्मशाला कॉलेज में नए कोर्सों की संभावना तलाशी

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में तीन नए कोर्स शुरू किए जाने को लेकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम ने सोमवार को दस्तक देकर यहां संभावनाएं तलाशी। अब यह टीम रिपोर्ट विश्वविद्यालय के कुलपति को सौंपेगी और उसके बाद कुलपति इन विषयों को शुरू किए जाने पर स्वीकृति प्रदान करेंगे।

हालांकि फैसला धर्मशाला कॉलेज के पक्ष में होता है या नहीं यह तो निरीक्षण टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही कुलपति लेंगे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में तीन नए कोर्सों एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी व एमकॉम शुरू किए जाने को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति ने पांच सदस्यीय निरीक्षण टीम को गठन किया था।



धर्मशाला महाविद्यालय में एमएससी और एमकॉम की कक्षाएं शुरू करने के लिए व्यवस्था का निरीक्षण करती हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम • जागरण

टीम में विश्वविद्यालय के लॉ विभाग के प्रो. कमलजीत, कैमिस्ट्री विभाग के प्रो. डीके शर्मा, जियोग्राफी विभाग के प्रो. देवदत्त शर्मा और कॉमर्स विभाग के प्रो. ओपी वर्मा को शामिल किया गया था। पांच सदस्यीय टीम रविवार को धर्मशाला पहुंची थी और सोमवार को बकायदा धर्मशाला कॉलेज में दस्तक देकर संभावनाएं तलाशी।

उधर, धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य सुनील मेहता के मुताबिक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम ने सोमवार को कॉलेज का निरीक्षण किया है और अब टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कुलपति को सौंपेगी। इसके बाद ही नए कोर्स शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा।

**पांच सदस्यीय प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम रविवार को पहुंची थी धर्मशाला, महाविद्यालय में तीन नए कोर्स शुरू करने का है प्रस्ताव**

दैनिक जागरण 21/8/18

246

# धर्मशाला कॉलेज में एमएससी और एमकॉम के लिए हरी झंडी

## सितंबर के पहले सप्ताह शुरू होंगी केमिस्ट्री व जियोग्राफी की कक्षाएं

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में इस सत्र से एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और एमकॉम शुरू करने के लिए स्वीकृति दे दी है। विवि प्रशासन से मंजूरी मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके तहत अभ्यर्थी 28 अगस्त तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि 30 सितंबर को महाविद्यालय में काउंसिलिंग होगी। सितंबर के पहले सप्ताह तीनों विषयों की कक्षाएं शुरू होंगी।

धर्मशाला महाविद्यालय ने स्नातकोत्तर के एमएसी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और एमकॉम शुरू करने के लिए हिमाचल विवि को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को लेकर विवि की ओर से महाविद्यालय में निरीक्षण टीम भेजी गई थी, जिसने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा, प्राध्यापकों की संख्या, पुस्तकालय और रिसर्च लैब आदि का निरीक्षण किया था। निरीक्षण टीम ने इसकी रिपोर्ट बनाकर विवि को सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर यहां स्नातकोत्तर के तीनों विषय शुरू करने के लिए उपयुक्त माना गया है। रिपोर्ट के आधार पर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के तीन नए कोर्स शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है। उधर, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और वाणिज्य शुरू करने के लिए विवि ने स्वीकृति दे दी है। इन तीनों विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

दैनिक जागरण 24/8/18

# धर्मशाला में करिये एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी, एमकॉम

## राजकीय महाविद्यालय में शुरू हुए तीन नए कोर्स, 28 तक करें आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** नेक के ए ग्रेड राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और एमकॉम शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने हरी झंडी दे दी है।

विवि से तीन नए कोर्स शुरू करने की सहमति मिलने के बाद ही महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत अभ्यर्थी 28 अगस्त तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि 30 अगस्त को महाविद्यालय में काउंसलिंग होगी। वहीं सितंबर माह के पहले सप्ताह तीनों विषयों की कक्षाएं शुरू होंगी। धर्मशाला महाविद्यालय ने स्नातकोत्तर के एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और एमकॉम शुरू करने के लिए हिमाचल विवि को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को लेकर विवि की ओर से महाविद्यालय में निरीक्षण टीम भेजी गई थी, जिसने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा, प्राध्यापकों की संख्या, पुस्तकालय और रिसर्च लैब आदि का निरीक्षण किया था। निरीक्षण टीम ने इसकी रिपोर्ट बनाकर विवि को सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर यहां पर स्नातकोत्तर के तीनों विषय शुरू करने के लिए उपयुक्त माना गया है। रिपोर्ट के आधार पर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के तीन नए कोर्स शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है।



उधर, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और वाणिज्य शुरू करने के लिए विवि ने स्वीकृति दे दी है। इन तीनों विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अमर उजाला 24/8/18

# केमिस्ट्री-जियोग्राफी को 28 तक करें आवेदन

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



पीजी कालेज धर्मशाला में एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और एमकॉम को शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। विवि से तीन नए पीजी विषय शुरू करने की हरी झंडी मिलने के बाद ही महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश भर के छात्रों को 28 अगस्त तक प्रवेश के लिए आवेदन करने का मौका प्रदान किया गया है, जबकि 30 अगस्त से कालेज में काउंसिलिंग का दौर शुरू होगा। वहीं, सितंबर माह के पहले सप्ताह से ही तीनों विषयों की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। अब आधे हिमाचल के छात्रों को उक्त विषय में स्टडी करने के लिए शिमला और बाहरी राज्यों के चक्कर काटने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इससे पहले प्रदेश के दूसरे बड़े महाविद्यालय में मात्र इंग्लिश विषय को ही एमए के रूप में पढ़ाया जा रहा था। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि एमएससी केमिस्ट्री, जियोग्राफी और वाणिज्य विषय शुरू करने के लिए विवि ने स्वीकृति दे दी है। इन तीनों विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

दिव्य हिमाचल 24/8/18

# धर्मशाला में एमबीए के नए सत्र का आगाज

**धर्मशाला**- पीजी कालेज धर्मशाला में गुरुवार को नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कालेज के प्रिंसीपल प्रो. सुनील के मेहता ने दीप प्रज्वलित कर नए सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान नए सत्र में दाखिला प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आगाज हो गया। जिसमें नए छात्रों को विषय सहित शिक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी। विभाग के समन्वय डा. मदन लाल गुलेरिया ने बताया कि वर्तमान में एमबीए का आठवां बैच शुरू हुआ है। धर्मशाला महाविद्यालय में वर्ष 2011 में रोपा गया यह पौधा अब सबसे अच्छा स्थान हांसिल कर चुका है। बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रिंसीपल प्रो. सुनील के मेहता ने कहा कि धर्मशाला कालेज नई-नई उपलब्धियों को हासिल कर रहा है। अब नए छात्रों के आने से उन उपलब्धियों की संख्या में और अधिक इजाफा करने के सभी को मिलकर प्रयास करने हैं। इस मौके पर एमबीए विभाग के प्रध्यापक प्रो. अखिल गौतम, प्राध्यापक, स्टाफ और नए छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी (8/9/18)



# आइनस्टाइन के जीवन पर प्रस्तुति दी

धर्मशाला, 7 सितम्बर (नवीन): शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

धर्मशाला महाविद्यालय के भौतिक विभाग और केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डीन (प्लानिंग) पूर्वाध्यक्ष भौतिक विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रोफैसर पी.के. आहलूवालिया मुख्य वक्ता थे।

मुख्य वक्ता ने आइनस्टाइन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ऑन द स्फेट क्विज एवं आइनस्टाइन के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां भी दी गईं। इसके उपरांत धर्मशाला महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मेहता ने अपने उद्गार में विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



धर्मशाला : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रोफैसर। (नितिन)

कांगड़ा केसरी

# शीघ्र होगा सी.यू. का शिलान्यास

## धर्मशाला कालेज में 3 नए कोर्स का खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने किया शुभारंभ



धर्मशाला: राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि खाद्य आपूर्ति मंत्री किशन कपूर को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य व अन्य। (नितिन)

धर्मशाला, 11 सितम्बर (ब्यूरो): खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री किशन कपूर ने मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पी.जी. के नए कोर्स जियोग्राफी, कैमिस्ट्री तथा एम.कॉम. कक्षाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के उत्थान में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को नए कोर्स में जियोग्राफ ी विषय में 25, कैमिस्ट्री में 20 तथा एम.कॉम. विषय में 40 सीटें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सैंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए 8000 कनाल जमीन फाइनल कर ली है तथा शीघ्र ही सैंट्रल यूनिवर्सिटी का शिलान्यास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले साल धर्मशाला कॉलेज में 3 नए पी.जी. कोर्स शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कॉलेज के सभागार में ध्वनि प्रसार सिस्टम की मुरम्मत के लिए 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महामंत्री डा. विजय शर्मा, यशपाल सभ्रवाल, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, पार्षद राजिंद्र, वीरू वालिया, एस.डी.एम. धर्मेश रामोत्रा, ओ.एस.डी. सुनील शर्मा के अतिरिक्त कॉलेज का स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का किया शुभारंभ

खाद्य आपूर्ति मंत्री किशन कपूर ने शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टंग में आयोजित 26वें बाल विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस 2 दिवसीय बाल विज्ञान मेले में 56 स्कूलों के 285 बच्चे भाग ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों तथा बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शनियों के लिए बच्चों की सराहना एवं हौसला अफजाई की। खाद्य आपूर्ति मंत्री ने बाल विज्ञान क्विज में विजेता रहे बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए।

### टंग पंचायत में रखी सामुदायिक भवन की आधारशिला

इसके उपरांत मंत्री किशन कपूर ने टंग पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक भवन के बनने से 100 परिवार लाभान्वित होंगे।

### बांटे गैस कनैक्शन

खाद्य आपूर्ति मंत्री किशन कपूर ने टंग में उज्ज्वला योजना के तहत 10 महिलाओं एवं हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना के तहत 4 महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनैक्शन वितरित किए। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत टंग सुरिंदर कुमार, उपप्रधान गुलशन कुमार, डी.एफ.एस.सी. नरेन्द्र धीमान, रीतू सरोत्री के अतिरिक्त गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने टंग में लोगों की समस्याओं को सुना।

पंजाब केसरी (12/9/18)

# प्राचार्य ने दिया मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन

## कार्यकर्त्ताओं ने कहा-जब तक कार्य शुरू नहीं होगा, नहीं होगी हड़ताल खत्म

धर्मशाला, 19 सितम्बर (ब्यूरो): धर्मशाला कालेज में स्थानीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्त्ताओं की हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। हालांकि कालेज प्राचार्य ने हड़ताल के सातवें दिन बुधवार को कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात कर उनकी मांगों को सुना। इस दौरान कालेज प्राचार्य ने मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। हालांकि कालेज प्राचार्य के आश्वासन के बावजूद भी कार्यकर्त्ताओं ने हड़ताल खत्म नहीं की। कार्यकर्त्ताओं ने कहा कि जब तक उक्त मांगों पर कार्य शुरू नहीं होगा तब तक हड़ताल खत्म नहीं होगी। इकाई अध्यक्ष नीरज भट्ट की अगुवाई में बुधवार को फिर से नारेबाजी की।



धर्मशाला : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ताओं की मांगों को सुनते कालेज प्राचार्य। (नितिन)

पंजाब केसरी (20/9/18)

248

अमर उजाला (20/9/18)



यूथ फेस्टिवल ग्रुप-एक की एलोकेशन में प्रथम स्थान पर रहीं धर्मशाला कॉलेज की आकांक्षा प्रिंसिपल सुनील मेहता, अध्यापकों के साथ।

## धर्मशाला कॉलेज की आकांक्षा एलोकेशन में प्रथम

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की छात्रा आकांक्षा कौल ने वाग्मिता(एलोकेशन) प्रतियोगिता में प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता शिमला के कोटशेरा कॉलेज में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के यूथ फेस्टिवल ग्रुप-एक में आयोजित की गई। आकांक्षा कौल ने विवेकानंद के दर्शन की प्रासंगिकता के आधुनिक विषय पर अपना वक्तव्य रखा। प्रथम स्थान हासिल करने के बाद धर्मशाला कालेज पहुंची आकांक्षा को प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने बधाई दी। इस मौके पर टीम इंचार्ज डा. नरेश शर्मा, प्रो. पूजा शांडिल और प्रो. अनिता कुमारी भी मौजूद रही।

अमर उजाला 26/9/18

## धर्मशाला में सजेगी सुरों की महफिल

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में बुधवार से सुर और ताल की महफिल सजेगी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के चार दिवसीय युवा महोत्सव भाग-दो का आगाज बुधवार से होगा। इसका शुभारंभ उपायुक्त कांगड़ा संदीप कुमार करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 50 महाविद्यालयों के 800 के करीब विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

पहले दिन शास्त्रीय गायन, सितार और तबला वादन प्रतिस्पर्धा होगी, जबकि वीरवार को भारतीय समूहगान, सुगम संगीत और गीत गजल, शुक्रवार को लोक गायन और पाश्चात्य समूह गान प्रतिस्पर्धा होगी। युवा महोत्सव भाग-2 के अंतिम दिन शनिवार को पाश्चात्य एकल गायन और लोक वाद्य वृंद प्रतिस्पर्धा होगी। युवा महोत्सव भाग-2 के आयोजन सचिव डॉ. सतीश ठाकुर ने बताया कि विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश भर के महाविद्यालयों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि पिछले साल महाविद्यालय ने युवा महोत्सव भाग-2 का सफल आयोजन किया था। इसी का नतीजा है कि विवि ने दूसरी बार महाविद्यालय को युवा महोत्सव भाग-2 के आयोंजन को लेकर जिम्मेवारी सौंपी है। ब्यूरो

दिव्य हिमाचल (26/9/18)

# धर्मशाला में सुर-संग्राम आज से

## प्रतियोगिता में 50 कालेजों के 600 प्रतिभागी दिखाएंगे दम

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कालेज धर्मशाला को लगातार दूसरी बार एचपीयू के यूथ फेस्टिवल की मेजबानी मिली है। राज्य भर के शिमला विश्वविद्यालय समेत करीब 50 महाविद्यालयों के 600 छात्र-छात्राओं में सुर-संगीत का संग्राम छिड़ेगा। जानकारी के अनुसार धर्मशाला कालेज के ऑडिटोरियम में 26 से 29 सितंबर तक संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी। युवा महोत्सव के लिए प्रदेश भर के 25 से अधिक टीमें मंगलवार को ही धर्मशाला में ही पहुंच गई हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के युवा महोत्सव ग्रुप-दो का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में किया जाएगा। यूथ फेस्टिवल ग्रुप-टू का शुभारंभ 26 सितंबर को उपायुक्त कांगड़ा संदीप कुमार करेंगे। इस दौरान पीजी कालेज प्रिंसीपल प्रो. सुनील मेहता विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यूथ फेस्टिवल ग्रुप-टू में संगीत की विभिन्न 10 के करीब प्रतियोगिताएं प्रदेश भर के कालेजों के बीच आयोजित की जाएंगी। युवा महोत्सव में सितार वादन एकल, तबला वादन, शास्त्रीय गायन एकल, भारतीय समूह गान, गीत-गजल और भजन एकल, लोक गीत एकल, पाश्चातय समूह गान, वेस्टर्न सोलो और लोक वृंद वादन की प्रतियोगिताएं मुख्य रूप से करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राज्य भर से प्रतिभागियों के साथ 150 के करीब आफिशियल भाग लेंगे। वहीं, धर्मशाला महाविद्यालय प्रबंधन ने भी यूथ फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। इससे पहले भी धर्मशाला महाविद्यालय सफल आयोजन कर चुका है। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला के प्रिंसीपल एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सुनील के. मेहता और आयोजन समिति के सचिव एवं संगीत विभाग के अध्यक्ष डा. सतीश ठाकुर ने बताया कि युवा महोत्सव ग्रुप-2 बुधवार से शुरू होगा।



# धर्मशाला कालेज में सुरों का महासंग्राम

## यूथ फेस्टिवल शुरू, आठ सौ छात्र-छात्राओं में कांटे की टक्कर

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



पीजी कालेज धर्मशाला में बुधवार को सुर-संगीत का महासंग्राम शुरू हो गया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-दो का शुभारंभ उपायुक्त कांगड़ा संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान पीजी कालेज के प्रिंसीपल प्रो. सुनील के मेहत्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। यूवा महोत्सव में शिमला विवि समेत 50 के करीब महाविद्यालयों के 800 संगीतज्ञ छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। धर्मशाला कालेज के ओडिटोरियम में चार दिवसीय बुधवार से 29 सितंबर तक एचपीयू ग्रुप-टू संगीत की स्वर लहरियां से धौलाधार की वादियां भी संगीतमय हो गई। यूथ फेस्टिवल ग्रुप-टू में संगीत की विभिन्न दस के करीब प्रतियोगिताएं प्रदेश भर के कालेजों के मध्य में आयोजित की जाएंगी।

इसमें पहले दिन एकल भारतीय शास्त्रीय गायन की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 12 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत के अपने सुरों से मौजूद अतिथियों, प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सबसे पहले प्रस्तुति देते हुए सोलन कालेज की छात्रा मेघना ने राग विहाग से प्रारंभ किया। सुरों की महफिल में खुद को मदहोश होने से भी कई संगीत प्रेमी नहीं रोक पाए। इस दौरान धर्मशाला कालेज के संगीत विभाग के छात्रों ने मां सरस्वती की वंदना भी प्रस्तुत की। वहीं, प्रतियोगिता के सायंकालीन सत्र में ताल और वादय की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। इसमें प्रदेश भर के आठ महाविद्यालयों के संगीतज्ञ प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। वादय और ताल की प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटौरी। इसके अलावा आगामी दिनों में युवा महोत्सव में होने वाली प्रतियोगिताओं में सितार वादन एकल, तबला वादन, भारतीय समूह गान, गीत-गजल और भजन एकल, लोक गीत एकल, पाश्चातय समूह गान, वैस्ट्रन शोलो और लोक वृंद वाद्यन मुख्य रूप से करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राज्य भर से प्रतिभागियों के साथ 150 के करीब आर्फिशियल भाग ले रहे हैं। युवा महोत्सव में निर्णायक मंडल की भूमिका विशेष रूप से आमंत्रित संगीत विशेषज्ञ निभा रहे हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर राज्य के संगीत विभाग की प्रथम पीएचडी डा. उषा वाग्ती निर्णायक की भूमिका में है, जो कि 20 देशों में जज की भूमिका निभा चुकी हैं। इसके साथ ही पटियाला विवि के विभागध्यक्ष डा. जगमोहन शर्मा है, जिनकी 50 से अधिक संगीत की पुस्तकें प्रकाशित को चुकी हैं। कुरुक्षेत्र विवि के संगीत विभाग के आचार्य डा. अशोक शर्मा मौजूद रहे, जिनकी दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित को चुकी हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति एपीजी अब्दुल कलाम से सम्मान पाने वाले जिया लाल ठाकुर भी मौजूद रहे, जिन्होंने संगीत के क्षेत्र में विशेष योजनाद दिया है। इस मौके पर मंच संचालन डा. नरेश शर्मा, डा. सतीश ठाकुर और डा. हेमंत ने किया। इस दौरान एनसीसी ने मुख्यातिथि को सलामी दी। वहीं प्रध्यापकों की टीम और एनएसएस ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर प्रदेश भर से आए महाविद्यालयों के प्रतिभागी और धर्मशाला कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल (29/9/18)

२५१

पंजाब केसरी



# युवा समारोह ग्रुप-2 का हुआ आगाज





धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के ओडिटोरियम में युवा समारोह ग्रुप-2 में प्रस्तुति देते प्रतिभागी व सभागार में उपस्थित डी.सी. कांगड़ा संदीप कुमार, कालेज प्राचार्य सुनील कुमार मेहता व अन्य । नितिन

## परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है : संदीप

धर्मशाला, 26 सितम्बर (नवीन): धर्मशाला कालेज के ओडिटोरियम में बुधवार से युवा समारोह ग्रुप-2 का आगाज हो गया। डी.सी. कांगड़ा संदीप कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डी.सी. कांगड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने ओडिटोरियम में उपस्थित विद्यार्थियों से हर क्षेत्र में मेहनत करने का आह्वान किया। इसके उपरांत धर्मशाला कालेज के प्राचार्य सुनील कुमार मेहता ने बताया कि पिछले वर्ष भी धर्मशाला कालेज को युवा समारोह का आयोजन करने का मौका मिला था तो इस वर्ष भी हमें यह अवसर मिला है जोकि हर्ष का विषय है। समारोह में 50 महाविद्यालय के लगभग 800 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। युवा समारोह के प्रथम दिन सुबह के सत्र में भारतीय शास्त्रीय एकल गान में लगभग 12 कालेज के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शास्त्रीय संगीत में सर्वप्रथम सोलन कालेज की मेघना शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके उपरांत कोटशेरा कालेज के नवीन शर्मा, पी.जी. सैंटर शिमला की प्रियंका ठाकुर व करसोग कालेज के जतिंद्र कुमार ने शास्त्रीय संगीत में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में ताल और वाद्य की प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी गईं। ताल में 8 महाविद्यालय ने भाग लिया और वाद्य में 7 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पहले एन.सी.सी. की कैड्टस लड़कियों ने मुख्यातिथि को सलामी दी। इस दौरान डा. नरेश शर्मा, डा. सतीश ठाकुर व डा. हेमंत आदि शामिल रहे।

### ये हैं निर्णायक मंडल में

**निर्णायक** मंडल के सदस्यों में डा. उषा भारती जोकि जम्मू-कश्मीर की संगीत विभाग की प्रथम पीएच.डी. हैं, जिन्होंने लगभग 20 देशों में बतौर निर्णायक अपनी भूमिका निभाई। डा. जगमोहन शर्मा पटियाला विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष हैं तथा 50 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। डा. अशोक शर्मा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बतौर संगीत विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत हैं तथा लगभग 10 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिया लाल ठाकुर भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### आज ये होंगे कार्यक्रम

**वीरवार** को सुबह के सत्र में इंडियन ग्रुप सांग व शाम के सत्र में लाइट वोकल व गीत गजल का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न कालेज के प्रतिभागी भाग लेंगे।

# शास्त्रीय संगीत और तबले की ताल से जमाया रंग

## धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव भाग-दो का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव भाग-दो का आगाज हुआ। महोत्सव का शुभारंभ उपायुक्त कांगड़ा संदीप कुमार ने किया।

महोत्सव में प्रदेश के 50 कॉलेजों के लगभग 800 युवा कलाकार भाग ले रहे हैं। चार दिन तक चलने वाले महोत्सव के पहले दिन के प्रथम सत्र में शास्त्रीय संगीत स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें सूबे के 12 महाविद्यालयों के युवा कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश कीं। शास्त्रीय संगीत में **सोलन, ढलियारा,** कोटशेरा, **पीजी सेंटर शिमला,** संस्कृत **कॉलेज** कटारू, आरकेएमवी **शिमला,** ऊना, करसोग, हमीरपुर, जोगिंद्रनगर, फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला और भटोली कॉलेज के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। वहीं, तबला वादन में आठ कॉलेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें जोगिंद्रनगर, सुंदरनगर, फाइन आर्ट्स शिमला, बैजनाथ, कुल्लू, बासा, भटोली और ठियोग कॉलेज शामिल हैं।



धर्मशाला महाविद्यालय में आयोजित यूथ फेस्टिवल में शास्त्रीय संगीत स्पर्धा में प्रस्तुति देते कलाकार। अमर उजाला

अमर उजाला (27/9/18)

(280)

दैनिक जागरण 27/9/18



# नई पीढ़ी के गले में शास्त्रीय संगीत की कोपलें

## राजकीय कॉलेज धर्मशाला में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव-दो शुरू, 42 कॉलेजों में से 13 के प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

मुनीष गारिया • धर्मशाला

युवा महोत्सव के रूप में राग और रागिनियों का मेला लय का साथ लेकर यहां शुरू हो गया। पॉप और रैगे के इस दौर में भी भारतीय राग जिंदा हैं...नई पीढ़ी के गले में वह हरकतें और मुर्कियां हैं....यह तब पता चलता है जब इसका हिस्सा बना जाए।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में नए शास्त्रीय गायक भविष्य के प्रति आश्वस्त करते हैं। मसलन...'जागो जागो मोरे लाल...' बंदिश को राजकीय महाविद्यालय ऊना के युवा शास्त्रीय संगीतकार कुमार रोहित गौतम ने तबले के साथ संगत करते हुए राग भटियार में पेश किया तो सभागार संगीतमय हो गया। मुख्य अतिथि डीसी कांगड़ा संदीप कुमार ने मंच से शिवमंत्र का वाचन कर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। हालांकि आयोजन में प्रदेशभर से 42 कॉलेज भाग ले रहे हैं लेकिन 13 महाविद्यालयों के ही प्रतिभागियों ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी।

सोलन कॉलेज की मेघा ने 'कैसे सुख सोवे निदरिया' को राग बिहाग व एक ताल से प्रस्तुत किया। इसके अलावा कोटशेरा कॉलेज के नवीन ने 'साडी अखियां दर्शन प्यासी रे' को राग भीमप्लासी और तीन ताल में बांधा। क्यारटू कॉलेज के हर्ष ने 'प्रथम ध्याओ श्रीगणेश को' राग भैरव में, आरकेएमवी शिमला की हिना शर्मा ने 'कौन करत तोरी विनती' को राग बागेश्वरी में ढाला। अन्य प्रतिभागियों ने अलग-अलग रागों में प्रस्तुति से समां बांध दिया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रशासन हर साल युवा महोत्सव का आयोजन करता है और इसमें विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागी भाग लेते हैं। शास्त्रीय संगीत गायन के बाद शाम के सत्र में एकल तबला वादन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### गजल गीत में आज ये कॉलेज देंगे प्रस्तुति

राजकीय महाविद्यालय अर्की, बिलासपुर, सोलन, करसोग, जुखाला, कोटशेरा, संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर, घुमारवीं, जवाली, कुल्लू, ऊना, चुवाड़ी, सुजानपुर टिहारी, क्यारटू, राजगढ़, आरकेएमवी शिमला, जयसिंहपुर, ठियोग, भटोली, बैजनाथ, एमएलएसएल सुंदरनगर, फाइन आर्ट्स शिमला, पालमपुर, पीजी सेंटर शिमला, हमीरपुर, भोरंज, सरकाघाट, बासा, शाहपुर, नारला, धर्मशाला, जोगेंद्रनगर व धामी के प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे।



युवा महोत्सव दो के पहले दिन शास्त्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

### इन कॉलेजों के प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

राजकीय महाविद्यालय ढलियारा, सोलन, कोटशेरा, पीजी सेंटर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, क्यारटू, आरकेएमवी शिमला, ऊना, करसोग, हमीरपुर, जोगेंद्रनगर, जेएलएन फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला, संजौली व भटोली महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी।

'भारतीय शास्त्रीय संगीत के तीनों ललित कलाओं गायन, वादन और नृत्य में गायन को श्रेष्ठ माना जाता है। शास्त्रीय संगीत राग, ताल, लय व बंदिश के नियमों में बंधा रहता है। महोत्सव संगीत के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत के लिए आकर्षित भी करता है। शोधों से भी स्पष्ट है कि शास्त्रीय संगीत श्रवण व्यक्ति के तनाव को दूर करता है और एकाग्रता को बढ़ाता है।'

-सुरेश शर्मा, संगीत प्राध्यापक



## युवा महोत्सव में उपस्थिति....

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बुधवार को युवा महोत्सव-दो का शुभारंभ हुआ। पहले दिन शास्त्रीय संगीत गायन और तबला वादन प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेशभर से 42 कॉलेजों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं • जागरण

दैनिक जागरण
27/9/18

२८४

अमर उजाला 28-9-18

# ... अजीब ख्वाहिशें हैं सीने में, दबा भी न सकूं

## धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव के दूसरे दिन गजलों से बंधा समा, समूहगान में 22 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

अमर उजाला ब्यूरो



धर्मशाला कॉलेज में यूथ फेस्टिवल के दौरान गजल की प्रस्तुति देतीं सोलन महाविद्यालय की शिवानी। अमर उजाला

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव भाग-2 में वीरवार को विद्यार्थियों ने शाम के सत्र में गजलों से खूब समा बांधा। सुबह के सत्र में देशभक्ति आधारित समूहगान प्रस्तुत कर देश भक्ति का संदेश दिया।

गीत गजल में करसोग कॉलेज के जितेंद्र कुमार ने शाम ए गम कुछ इस निगाहें गजल प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। घुमारवीं महाविद्यालय के सौरभ शर्मा ने आज भी तुम्हें मोहब्बत करता हूं और कोटशेरा महाविद्यालय के नवीन तुम आ गए रुला गए गजल प्रस्तुत की।

सोलन महाविद्यालय की शिवानी शर्मा ने अजीव ख्वाहिशें हैं सीने में, दबा भी ना सकूं गजल प्रस्तुत कर खूब समा बांधा। वीरवार को सुबह के सत्र में भारतीय समूहगान प्रतियोगिता हुई। इसमें 22 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने आज मेरा मन झूमे ए वतन, कोटशेरा महाविद्यालय ने केरल से कारगिल घाटी, संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर ने गीत खुशी के गुनगुनाते शानदार प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद आरकेएमवी शिमला, ज्वाली, हिमाचल विवि सहित अन्य महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भी प्रस्तुतियां दीं। गीत गजल में 34 महाविद्यालयों ने प्रस्तुति दी। वीरवार को युवा महोत्सव के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्यातिथि थे। उधर, धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता और आयोजन सचिव डॉ सतीश ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को युवा महोत्सव के पहले सत्र में लोक गीत प्रतियोगिता होगी। इसमें 39 महाविद्यालय भाग ले रहे हैं, जबकि सायंकालीन सत्र में, पाश्चात्य समूहगान प्रतियोगिता होगी। इसमें 13 महाविद्यालय भाग ले रहे हैं। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. एसके सोनी, डॉ. सविता सिंह, प्रो मंजू लता, डॉ. राकेश पठानिया, प्रो. विक्रम वत्स, डॉ. पराशर, प्रो ओपी कपूर और डॉ. ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

---

# नए बोल, नई धुनें...गजल अब भी वैसी

दैनिक जागरण 28-9-18

मुनीष गारिया • धर्मशाला



धर्मशाला कॉलेज में वीरवार को युवा महोत्सव ग्रुप-दो के दौरान गजल गाती छात्रा शिवानी शर्मा • जागरण

**युवा महोत्सव**

- युवा महोत्सव में पांच मिनट की गजल के पीछे सालभर का रियाज
- गजलों के नाम रहा युवा महोत्सव का दूसरा दिन

गजल वह चीज है जिसके शब्द गायक के दिल से निकलकर सीधे सुनने वाले के दिल में उतर जाते हैं। हालांकि पश्चिमी संगीत का अभी अपना महत्व व स्थान है, लेकिन आजकल के युवा गजल गायन को खास तरजीह दे रहे हैं, जो भारतीय संस्कृति के लिए बहुत जरूरी भी है।
**डॉ. सतीश ठाकुर**, संगीत प्राध्यापक।

दुनिया की सबसे पुरानी विधाओं में से एक...यानी गजल वीरवार को युवा महोत्सव में अपने सबसे पुराने संगी साथियों के साथ नजर आई। तबला और हारमोनियम! उसे गाने वाले बेशक नए थे...उसे धुन देने वाले बेशक नए थे...लेकिन गजल वैसी ही थी और खुश थी कि वह नए हाथों में भी सुरक्षित लगी।

युवा महोत्सव भाग-दो में गजल प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रदेश के युवाओं मुंह से ऐसी गजलें सुनाई दे रही हैं जो पहले किसी ने नहीं सुनी। शब्द पुराने भी हों तो धुनें नई हैं। बड़ी बात यह कि स्टेज पर पांच मिनट की प्रस्तुति के पीछे दो से तीन माह और कभी सालभर का रियाज दिख रहा है। राजकीय महाविद्यालय करसोग के जितेंद्र कुमार ने अहमद फराज की गजल सुनाई। इसे डॉ. प्रेम लाल के निर्देशन में ध्रुपद ताल में बांधा गया था। निर्देशक डॉ. प्रेम लाल ने बताया कि वह अपने शिष्य जितेंद्र को पिछले एक माह से हर रोज सुबह सादे आठ बजे कॉलेज बुलाकर अभ्यास शुरू कर देते थे और शाम छह बजे तक दोनों अभ्यास करते थे। राजकीय कॉलेज सोलन की शिवानी ने राहत इंदौरी की गजल आशीष चौहान के निर्देशन में गाई। गजल जिंदा रहेगी, इसका पता तब भी चला जब राजकीय कॉलेज घुमारवीं के छात्र नवीन ने स्वरचित और स्वयं संगीतबद्ध गजल गाई। उनका रियाज साल से जारी था।

---

# 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा'

## पीजी कालेज धर्मशाला में भारतीय समूहगान-गीत-गजलों से छात्रों ने बांधा समां

दिव्य हिमाचल 28/9/18

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



पीजी कालेज धर्मशाला के प्रतियोगी जब मंच पर अपनी प्रस्तुति के लिए उतरे तो पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। संगीत प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुति 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' ने दर्शकों में देश प्रेम का एक माहौल बना दिया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के बेहतरीन गीत के साथ-साथ ड्रेसअप को भी खूब पंसद किया गया, जिसमें विभिन्न धर्मों के अनुरूप ही कपड़े पहनकर प्रतिभागी एक ही मंच पर एक स्वर में देश भक्ति के जोश और जुनून के साथ गीत गाते हुए देखे गए। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित की जा रही चार दिवसीय युवा उत्सव द्वितीय समूह का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में किया जा रहा है। युवा महोत्सव के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें दूसरे दिन भारतीय समूह गान और गीत-गजल की प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा। ग्रुप-दो में प्रदेश भर के लगभग पचास महाविद्यालय गीत-गजल, समूह गान, शास्त्रीय तथा पाश्चात्य गीत संगीत इत्यादि प्रतियोगिताओं में भाग ले रहें हैं। प्रतियोगिता में भारतीय समूहगान में 22 तथा गीत गजल में 34 महिवद्यालयों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता, उपप्राचार्य डा. एसके सोनी, डा. सतीश ठाकुर, डा. सविता सिंह, प्रो. मंजू लता, डा. राकेश पठानिया, प्रो. विक्रम वत्स, डॉ. एएस परांसर, प्रो. ओपी कपूर, डा. ध्यान सिंह, गर्ल्ज एनसीसी विंग प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. मोनिका शर्मा, डा. विश्वज्योति, अमरीश घई इत्यादि आचार्य मौजूद रहे।

(282)

# 'सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा' से बना देश प्रेम और भक्ति का माहौल

पंजाब केसरी 28-9-18

धर्मशाला, 27 सितम्बर (नवीन) : धर्मशाला कालेज के सभागार में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित की जा रही 4 दिवसीय युवा समारोह ग्रुप-2 के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों ने समां बांधा। प्रथम सत्र में इंडियन ग्रुप सांग में विभिन्न कालेज ने भाग लिया। धर्मशाला महाविद्यालय के प्रतियोगी जब मंच पर अपनी प्रस्तुति के लिए उतरे तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा और उनके द्वारा दी गई प्रस्तुति सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा ने दर्शकों में देश प्रेम का माहौल बना दिया। उक्त समारोह में प्रदेश के लगभग 50 महाविद्यालय गीत, गजल, समूह गान, शास्त्रीय तथा पाश्चात्य गीत संगीत इत्यादि प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। वीरवार को भारतीय समूहगान में 22 तथा गीत गजल में 34 महाविद्यालयों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के पहले सत्र में राजकीय कॉलेज पालमपुर द्वारा आज मेरा मन झूमे वतन के रूप में प्रस्तुति दी गई। उसके उपरांत कोटशेरा कालेज ने केरल से कारगिल घाटी तथा संस्कृत कालेज सुंदरनगर ने गीत खुशी के गुनगुनाते शानदार प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद आर.के.एम.वि. शिमला, ज्वाली महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय शिमला इत्यादि महाविद्यालयों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां से दर्शकों का आत्मविभोर किया। दूसरे सत्र में महाविद्यालय आनी, करसोग, सोलन, कुल्लू तथा घुमारवीं कॉलेज ने काफी वाहवाही लूटी।

## संस्कृति व सभ्यता को एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास कर रहा पर्यटन : अग्निहोत्री

*विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। संस्कृति और सभ्यता को एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास पर्यटन कर रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग देश की आर्थिक स्थिति को ठीक करने व बढ़ाने में योगदान दे रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा 2 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, फोटो कैप्शन व कालोज मेकिंग का आयोजन किया जा रहा है।*



### ये रहे कार्यक्रम में उपस्थित

वीरवार को कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार मेहता तथा उप प्राचार्य डा. एस.के. सोनी, डा. ध्यान सिंह, डा. सतीश ठाकुर, डा. सविता सिंह, प्रो. मंजू लता, डा. राकेश पठानिया, प्रो. विक्रम वत्स, डा. परासर, प्रो. ओ.पी. कपूर इत्यादि आचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## आज ये होंगे कार्यक्रम

युवा समारोह के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रथम सत्र में लोकगीत प्रतियोगिता के लिए 39 महाविद्यालय प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि दूसरे सत्र में पाश्चात्य समूह गान में 13 महाविद्यालय भाग लेंगे।

दैनिक भास्कर

धर्मश

पीजी कालेज

स्टाफ रिपोर्टर,धर्मशाला

पंजाब केसरी 28-9-18







धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव ग्रुप-2 के दौरान प्रस्तुतियों का आनंद लेते विद्यार्थी व अन्य अधिकारी तथा (दाएं) पी.जी. सैंटर शिमला के प्रतिभागी प्रस्तुति देते हुए। (नितिन)

उन्माद बधा

स्वरूप में का

पहाड़ क

गायन भले ह

हिमाचल प्र

महोत्सव ग्रुप

में इस संस्

की गायकी

व हारमोनि

गीतों के सु

हिमाचल

था। सभाग

(2[illegible])

दैनिक भास्कर



# यूथ फेस्टिवल छात्र-अध्यापक रिश्ते को बनाते है बेहतर : डॉ. अग्निहोत्री

## युवा समारोह में समूह गान व गीत गजल की दी प्रस्तुतियां

सिटी रिपोर्टर | धर्मशाला

युवा समारोह भाग दो के वीरवार को दूसरे दिन के पहले सत्र में भारतीय समूह गान और दूसरे सत्र में गीत गजल की प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कुलदीप चन्द्र अग्निहोत्री ने शिरकत की। सीयू के कुलपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर इंसान के अंदर प्रतिभा छिपी होती है। उन्होंने युवा समारोह के बारे में कहते हुए कहा कि ऐसे समारोह अध्यापकों और छात्रों के बीच के दूरी को कम करते हैं। प्रो अग्निहोत्री ने कहा कि कला की सही कद्र तभी होती है जब उसकी सही पहचान भीं हो। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय के छात्रों ने ए वतन से प्रारंभ की जिसे सुनकर सभी के अंदर राष्ट्रभावना का उबाल आया। वहीं कोटशेरा कॉलेज ने केरल से कारगिल घाटी तक, संस्कृत कॉलेज ने गीत खुशी के गुनगुनाते, मेजबान महाविद्यालय के छात्रों ने सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान गया कर सभागार में उपस्थित दर्शकों को मोह लिया। आरकेएमवी शिमला की छात्रों ने मेरे वतन से अच्छा कोई वतन नहीं , ज्वाली महाविद्यालय के छात्रों ने वनडे मातरम , एचपीयू के प्रतिभागियों ने पावन पवित्र वसुंधरा मेरे हिंदुस्तान की देश भक्ति गान प्रस्तुत किया। भारतीय समूह गान में 27 महाविद्यालयों ने भाग लिया वहीं गीत गजल में 34 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दैनिक भास्कर 29/9/18

# युवा समारोह भाग दो में पारम्परिक लोक संगीत ने मोहा सबका दिल

**धर्मशाला** | युवा समारोह भाग दो के पहले सत्र में लोकगीत प्रतियोगिता और दूसरे सत्र में समूह गान प्रस्तुत किया गया। लोकगीत प्रतियोगिता में उनतालीस महाविद्यालयों प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली प्रस्तुति शाहपुर कॉलेज की ने सोनी शिमला दी सड़का गया कर सभागार का समां बांध दिया। ढलियारा की ज्योति ने पार्ले झरोखे सोखन से उतरी , जोगेन्दर नगर की अनुराधा ने कालुआ माजू रा डेरा तेरा दुरा , पालमपुर की शिवानी ने गाडियाली गीत , संस्कृत कॉलेज के नीरज शर्मा ने भयग्रा और नगरोटा के दिशा कपूर ने कुक्कड चहक भुआ मेघा गया कर मंत्रमुग्ध कर दिया। फाइन आर्ट्स के शुभम चोपड़ा ने पंजाबी लोक गीत गाकर का समां बंधा।

दिव्य हिमाचल (29/9/18)

# धर्मशाला में लोकगीतों ने जमाया रंग

## पीजी कालेज में चार दिवसीय युवा महोत्सव के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने खूब बांधा समां

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित की जा रही चार दिवसीय युवा महोत्सव-द्वितीय में तीसरे दिन शुक्रवार को लोकगीत और पाश्चात्य संगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें लोकगीतों ने वैस्ट्रन सांग को पूरी तरह से पछाड़ते हुए अपनी संस्कृति का खूब रंग जमाया। लोकगीतों में सबसे अधिक 39 महाविद्यालयों के संगीतज्ञ छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटौंरी। चुवाड़ी कालेज के प्रतिभागी ने चंबा के लिए बलिदान देने वाली रानी को अर्पित आया बसोया गाना गाकर सबके दिलों को छू लिया।

युवा महोत्सव के तीसरे दिन पीजी कालेज धर्मशाला के प्रो. सविता सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि धर्मशाला कालेज प्रिंसीपल सुनील के मेहत्ता विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एक और जहां आज के समय में युवा पीढ़ी पाश्चातय संस्कृति की ओर बढ़ रही है, वहीं लोकगीतों की हिमाचली संस्कृति ने सबका





मन मोह लिया। लोकगीत एक ऐसी परंपरा है, जो किसी एक व्यक्ति और एक स्थान की संपति न होकर, लगातार आगे बढ़ते हुए संस्कृति बनी हुई है। कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति शाहपुर कालेज की वान्या ने सोणी-सोणी शिमले री सड़कां की दी। इसके बाद ढलियारा की ज्योति ने पारले झरोखे से सोकण जै उतरी, जोगिंद्रनगर की अनुराधा ने कालूआ मझूरा ओ डेरा तेरा दूरा हो, पालमपुर की शिवानी ने गद्दियाली गीत प्यारी भोटलिए, संस्कृत कालेज के नीरज शर्मा ने भ्यागड़ू, नगरोटा बगवां दीक्षा कपूर ने धुड़क चमकऊआ भाऊआ मेघा हो, फाइन आर्ट्स कालेज के शुभम चोपड़ा ने पंजाबी लोक गीत जुगनी, अर्की की भारती ने कियां सैणे नंनदा दे बोल, रामपुर के संदीन ने तेरे नैना रे लोभी, ऊना के जैकव ने राजा तेरे गारेखयां ने, कुल्लू कालेज के सुरेंद्र कुमार ने बुधुआ मामा, ठियोग कालेज ने आमे लगा तेरे दंदा रा चाओ, वंगाना की छात्रा ने ईको-ईक बैड़ी, चुवाड़ी कालेज के नितिन ने 'आया बसोआ' और पीजी कॉलेज धर्मशाला के अरुण कुमार ने सायं-सायं मत कर राविए, मिजौ तैरा डर लगदा गाना गाकर खूब तालियां बटोंरीं। वहीं, प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में पाश्चातय समूह गान में 13 विभिन्न कालेजों ने छात्रों ने भाग लिया। उधर, अस्सिटेंट ओर्गनाईजिंग सक्रेटरी डा. हेमंत शर्मा और डा. मोनिका मक्कड़ ने बताया कि अंतिम दिन लोक वादय वृंद और वैस्ट्रन शोलो सांग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

■ **चुवाड़ी कालेज के नितिन ने 'आया बसोया' गाने से बटोरीं तालियां**

दैनिक जागरण 29/9/18

# कांगड़े रे देसा लोकगीतों के बादल

## धर्मशाला में युवा महोत्सव ग्रुप-2 में गायकों ने डाली लोकगीतों में जान

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** गुड़क चमक भाउआ मेघा हो... यानी गरज, चमक और चंबयाली देश में बरस भाई बादल...लेकिन ये बादल दरअसल कांगड़ा में बरसे। बेशक ऑडियो या वीडियो सीडीज में लोक गायन अपनी मौलिकता को खो रहा हो...भले ही प्रयोग के नाम पर नए गुल खिल रहे हों...युवा महोत्सव में उम्मीद बंधी कि लोक गीत अपने मौलिक स्वरूप में कायम हैं।

पहाड़ की संस्कृति का चेहरा लोक गायन भले ही विलुप्त हो रहा हो, लेकिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव ग्रुप-दो में शुक्रवार को लोक गायन में इस संस्कृति का बेजोड़ संगम युवाओं की गायकी में नजर आया। ढोलक की थाप व हारमोनियम पर नए कंठ से पौराणिक गीतों के सुर और उस पर पहाड़ी पहनावा हिमाचल के कई क्षेत्रों का चित्रण कर रहा था। सभागार कभी गद्दी समुदाय के रंग और कभी मंडियाली रंग में रंगता जा रहा था। लुआंचड़ी, डोरा, चंद्रहार, नत्थ, चिड़ी पहने पालमपुर की शिवानी ने प्यारी भोटलिए गीत ढोलक और हारमोनियम के साथ ऐसे प्रस्तुत किया कि पूरा माहौल गद्दी समुदाय के रंग में रंग गया। शब्द पुराने थे पर नए रंग में पेश किया गया यह गाना नया ही लग रहा था। इस तरह की प्रस्तुतियां बता रही हैं कि चाहे कोई कुछ भी कह ले युवाओं में आज भी लोकगीतों छाप जिंदा है। सभागार में हर 10 मिनट के भीतर माहौल बदल रहा था क्योंकि इतने समय के नए युवा लोक गायक मंच पर पहुंचकर लोक गीतों से दर्शकों को अवगत करवा रहे थे। नगरोटा बगवां की दीक्षा ने 'गुड़क चमक भाउआ मेघा हो', अर्की की भारती ने 'कियां सैहणे नणदां रे बोल', संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर के नीरज ने श्रीकृष्ण लीला पर आधारित 'भियागड़ा', जोगेंद्रनगर की अनुराधा ने 'कालुआ मजूरा', शाहपुर की तान्या ने 'सोणी सोणी शिमले री सड़कां जिंदे', ढलियारा की ज्योति ने 'पारले झरोखे सोकण' और फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला के शुभम चौहान ने गुरदास मान का गीत 'जुगनी' पेश किया। कार्यक्रम में डॉ. ऊषा बगाती, डॉ. जयमोहन शर्मा, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. जिया लाल ठाकुर ने बतौर निर्णायक भूमिका निभाई।





धर्मशाला महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप दो के तीसरे दिन लोकगीत प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती अर्की कॉलेज की भारती, व पालमपुर कॉलेज की शिवानी • जागरण

254

# शुभम के जुगनी गीत पर झूमे दर्शक

## 39 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने लिया लोक गीत प्रतियोगिता में भाग

धर्मशाला, 28 सितम्बर (नवीन): धर्मशाला कालेज के सभागार में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे युवा समारोह ग्रुप-2 के तीसरे दिन कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लोक गीत प्रतियोगिता में 39 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। एक ओर जहां युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता के रंग में सरावोर हो रही है, वहीं इस सभ्यता पर लोक संस्कृति आज भारी पड़ रही है। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति शाहपुर कालेज की छात्रा तान्या ने सोणी-सोणी शिमले री सड़क गाकर प्रस्तुत की। ढलियारा कालेज की ज्योति ने पारले झरोखे सोकण से उतरी, जोगिंद्रनगर की अनुराधा ने कालूआ मझूरा डेरा तेरा दूरा, पालमपुर की शिवानी ने गद्याली गीत, संस्कृत कालेज के नीरज शर्मा ने, नगरोटा की दीक्षा कपूर ने कुड़क चमक भाऊआ, फाइन आर्ट्स के शुभम चौधरी ने जुगनी पंजाबी लोकगीत की प्रस्तुति दी, वहीं अर्की कालेज की भारती ने कियां सैहणे नंनदा रे बोल, रामपुर के संदीप ने तेरे नैणा रे लोभी, ऊना के जैकब ने राजा तेरे गोरखया ने, धामी कालेज की गगना ने, ठियोग, कुल्लू कालेज के सुरेंद्र कुमार ने, चुआड़ी कालेज के प्रतिभागी व सरकाघाट की छात्रा व मेजबान कालेज के अरुण ठाकुर ने सायं-सायं मतकर राविये मिंजो तेरा डर लगदा लोकगीत गाकर सभागार में उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। करसोग के प्रतिभागी ने कुल्लवी नाटी, ज्वाली, आर.के.एम.वी., सुंदरनगर आदि महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा दूसरे सत्र में वैस्ट्रन ग्रुप में लगभग 13 महाविद्यालयों ने भाग लिया।

### आज होगा समापन

**युवा** समारोह ग्रुप-2 का शनिवार को समापन होगा। शनिवार को पाश्चात्य एकल गायन और लोक वाद्य वृंद प्रतियोगिता होगी।

### बिजली जाने से प्रतिभागियों की परफॉर्मैंस हुई प्रभावित

**कार्यक्रम** के दौरान बिजली जाने के चलते कई प्रतिभागियों की परफॉर्मैंस भी प्रभावित हुई। कई प्रतिभागियों को परफॉर्मैंस के बीच ही बिजली जाने के चलते स्टेज से उठकर जाना पड़ा। हालांकि कुछ पल में ही जरनेटर की सुविधा मिलने के चलते कार्यक्रम फिर से शुरू हो गया।

पंजाब केसरी 29/9/18

शनिवार SATURDAY 29 सितम्बर 2018



धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव ग्रुप-2 में फाइन आर्ट्स कालेज शिमला का शुभम चौधरी प्रस्तुति देता हुआ व इस दौरान कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक। (नितिन)

(255)

# शुभम की 'जुगनी' के सब दीवाने

## धर्मशाला में युवा महोत्सव, पंजाबी लोक गीत पर झूमे युवा, रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला के शुभम चोपड़ा ने पंजाबी लोक गीत 'जुगनी' की ऐसी धुन छेड़ी कि सभागार में बैठे युवा झूमने लगे। मौका था राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के ऑडिटोरियम में चल रहे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव भाग-दो का।

शुक्रवार को लोक गायन प्रतिस्पर्धा में शुभम के अपने अंदाज में पेश किए गए पंजाबी लोक गीत को सबने खूब सराहा। शुक्रवार को कार्यक्रम में प्रो. सविता सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। लोक गीत की पहले प्रतिभागी के तौर पर शाहपुर की महाविद्यालय की तान्या ने सोणी-सोणी शिमले री सड़कां, ढलियारा की ज्योति ने पारले झरोखे सौकण, जोगिंद्रनगर की अनुराधा ने कालूआ मजूरा, पालमपुर की शिवानी ने प्यारी भोटलिए, संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर के नीरज ने भियागड़ा, नगरोटा बगवां की दीक्षा कपूर ने गुढ़क चमाके, अर्की की भारती ने कियां सैहणे नणदा रे बोल.. प्रस्तुत किया। इसके अलावा रामपुर के संदीप, ऊना के जैकब, धामी के गगन, कुल्लू के सुरेंद्र सहित अन्य युवाओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतिस्पर्धाओं में डॉ. ऊषा बगाती, डॉ. जगमोहन शर्मा, डॉ. अशोक कुमार शर्मा और डॉ. जिया लाल ठाकुर ने बतौर निर्णायक अपनी भूमिका अदा की, जबकि डॉ. मोनिका मक्कड़ और डॉ. हेमंत शर्मा ने मंच संचालन किया। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता, कार्यक्रम आयोजक सचिव डॉ. सतीश ठाकुर और सह सचिव डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि शनिवार को समापन पर पाश्चात्य एकल गायन और लोक वाद्यवृंद प्रतिस्पर्धाएं होंगी।





धर्मशाला में प्रस्तुति देता शुभम और हिमाचली लोकगीतों पर झूमते विद्यार्थी। (फोटो : सुनील समियाल)

अमर उजाला 29/9/18

### लोक संस्कृति की तरफ बढ़ा हिमाचली युवाओं का रुझान

राकेश भारद्वाज

धर्मशाला। पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ युवा अब लोक संस्कृति को तरजीह देने लगे हैं। इसका उदाहरण धर्मशाला में चल रहे यूथ फेस्टिवल में देखने को मिला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तहत महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे युवाओं ने लोक संस्कृति को सबसे ऊपर रखा है।

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में युवा महोत्सव भाग-2 में शुक्रवार को एकल लोक गायन के हुए मकाबलों में महाविद्यालयों के प्रतिभागियों की संख्या ने सबको चौंका दिया। एकल लोक गायन में सर्वाधिक 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि भारतीय समूह गान में 29, सुगम संगीत एवं गीत गजल में 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं शास्त्रीय गायन में 13 प्रतिभागी शामिल रहे। इसके विपरीत पाश्चात्य समूहगान में 13 और एकल गायन में भी 22 के करीब महाविद्यालयों ने ही भाग लिया है। उधर, युवा महोत्सव भाग-2 के आयोजक सह सचिव डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं ने हिमाचली संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए सबसे अधिक प्रतिभागिता दिखाई है। यह आंकड़ा लोक संस्कृति के प्रति युवाओं के रुझान को दिखा रहा है। देश भर में जहां पाश्चात्य संस्कृति की ओर युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। वहीं प्रदेश के युवाओं की हिमाचली संस्कृति के संरक्षण में यह अच्छे संकेत हैं।

**लोक गायन में 39 और पाश्चात्य समूहगान में महज 13 कॉलेजों ने लिया भाग**

# फोक सांग में धर्मशाला सेकेंड

## यूथ फेस्टिवल ग्रुप-2 के समापन समारोह में विजेताओं को सम्मान

▪ सिटी रिपोर्टर, धर्मशाला

डिग्री कालेज धर्मशाला में चार दिनों से चल रहा यूथ फेस्टिवल ग्रुप-2 शनिवार को संपन्न हो गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि निदेशक, हिमाचल उच्तर शिक्षा विभाग शिमला, डा. अमरजीत शर्मा ने शिरकत कर विजेताओं को सम्मानित किया।

समारोह में प्रदेश के लगभग 50 कालेजों के 800 छात्रों ने भाग लिया। शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जवाहर लाल नेहरू राजकीय कालेज फाइन आर्ट्स शिमला जबकि द्वितीय स्थान पर ऊना महाविद्यालय तथा पीजी सेंटर शिमला सयुंक्त रूप से प्राप्त हुआ। इसी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर भटोली, जोगिंद्रनगर तथा आरकेएमवी शिमला महाविद्यालय को चुना गया तबला वादन प्रतियोगिता में एमएलएसएम सुंदरनगर कालेज ने पहले स्थान पर प्रतिभा अर्जित की जबकि द्वितीय स्थान पर दो महाविद्यालों ठियोग और संजौली को पुरस्कृत किया गया तृतीय स्थान पर भी निर्णायक मंडल ने तीन महाविद्यालयों संजौली, फाइन आर्ट्स शिमला, और जोगिंद्रनगर को चुना गया। शास्त्रीय वांधय यंत्र प्रतियोगिता में फाइन आर्ट्स शिमला महाविद्यालय ने पहले स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

वहीं, दूसरे स्थान के लिए संजौली, हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय शिमला, और संस्कृत कालेज सुंदरनगर महाविद्यालयों की टीमों को चुना गया जबकि तृतीय स्थान पर रामपुर, धर्मशाला और आरकेएमवी कालेज रहे। भारतीय समूह गान में हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय शिमला प्रथम, ऊना, द्रंग, धर्मशाला व अर्की द्वितीय, जबकि, सोलन, जोगिंद्रनगर, आकेएमवी शिमला, और संजौली कालेज तृतीय, रहे। लाइट वोकल प्रतियोगिता में भटोली महाविद्यालय प्रथम, ऊना, बिलासपुर, फाइन आर्ट्स , कालेज शिमला, नालागढ़ कालेज दूसरे स्थान पर, शिमला विश्व विद्यालय, अर्की, कोटशेरा, धर्मशाला, आरकेएमबी शिमला. महाविद्यालय तृतीय स्थानों के लिए पुरस्कृत किया गया।



फोक सांग श्रेणी में ऊना महाविद्यालय को प्रथम व अंब, संजौली, धर्मशाला और जोगिंद्रनगर महाविद्यालय को दूसरा जबकि शिमला विश्व विद्यालय, कुल्लू, रामपुर, द्रंग, और बसा कालेज तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य सुनील मेहता, उप. प्राचार्य डा. एसके सोनी, कार्यक्रम संयोजक डा. सतीश ठाकुर, प्रो. अमरीश, डा. जिनेश जोशी, डा. सुमन कटोच, डा.संजय पठानिया, डा. निकेश शर्मा, प्रोफ. पूजा दीवान और डा. ध्यान सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल 30/9/18

256

पंजाब-केसरी 30/8/2018

# शास्त्रीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में फाइन आर्ट्स शिमला प्रथम

## ऊना महाविद्यालय तथा पी.जी. सैंटर शिमला संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर





धर्मशाला : युवा महोत्सव ग्रुप–2 में फॉक ओरकैस्ट्रा में प्रथम आनी कालेज के प्रतिभागी तथा (नीचे) इंडियन ग्रुप सांग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पी.जी. सैंटर शिमला के प्रतिभागी ट्रॉफी के साथ। (नितिन)

धर्मशाला, 29 सितम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 4 दिनों से चल रहा यूथ फैस्टीवल समूह–2 शनिवार को संपन्न हो गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि निदेशक, हिमाचल उच्चतर शिक्षा विभाग शिमला डा. अमरजीत शर्मा ने शिरकत कर विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में प्रदेश के लगभग 50 कालेजों के 800 छात्रों ने भाग लिया। शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जवाहरलाल नेहरू राजकीय कालेज फाइन आर्ट्स शिमला जबकि द्वितीय स्थान पर ऊना महाविद्यालय तथा पी.जी. सैंटर शिमला संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। इसी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर भटोली, जोगिंद्रनगर तथा आर.के.एम.वी. शिमला महाविद्यालय को चुना गया। तबला वादन प्रतियोगिता में एम.एल.एस.एम. सुंदरनगर कालेज पहले स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर 2 महाविद्यालयों ठियोग और संजौली को पुरस्कृत किया गया। तृतीय स्थान पर भी निर्णायक मंडल ने 3 महाविद्यालयों संजौली, फाइन आर्ट्स शिमला और जोगिंद्रनगर को चुना। शास्त्रीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में फाइन आर्ट्स शिमला महाविद्यालय ने पहले स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया, वहीं दूसरे स्थान के लिए संजौली, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और संस्कृत कालेज सुंदरनगर महाविद्यालयों की टीमों को चुना गया, वहीं तृतीय स्थान पर रामपुर, धर्मशाला और आर.के.एम.वी. कालेज रहे।

भारतीय समूहगान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला प्रथम, ऊना, द्रंग, धर्मशाला, अर्की द्वितीय व सोलन, जोगिंद्रनगर, आर.के.एम.वी. शिमला और संजौली कालेज तृतीय रहे। लाइट वोकल प्रतियोगिता में भटोली महाविद्यालय प्रथम, ऊना, बिलासपुर, फाइन आर्ट्स कालेज शिमला, नालागढ़ कालेज दूसरे स्थान पर रहे। शिमला विश्वविद्यालय, अर्की, कोटशेरा, धर्मशाला, आर.के.एम.वी. शिमला महाविद्यालय तृतीय स्थानों के लिए पुरस्कृत किए गए। फॉक सांग में ऊना महाविद्यालय को प्रथम, अम्ब, संजौली, धर्मशाला और जोगिंद्रनगर महाविद्यालय को दूसरा जबकि शिमला विश्वविद्यालय कुल्लू, रामपुर, द्रंग और बसा कालेज तीसरे स्थान पर रहे। पश्चिम दमोह गायन श्रेणी में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला प्रथम, ऊना, चुबाड़ी, जोगिंद्रनगर द्वितीय और आर.के.एम.वी. शिमला, अर्की, धर्मशाला, और नगरोटा बागवां तीसरे स्थान पर रहे। वैस्टर्न सोलो गायन में फाइन आर्ट्स शिमला प्रथम, कोटशेरा, धर्मशाला, राजगढ़ व विश्वविद्यालय शिमला दूसरे पर रहे। कुल्लू, नालागढ़, सोलन और हमीरपुर तीसरे स्थान पर रहे।

### फॉक ओरकैस्ट्रा में आनी कालेज विजेता

**फॉक** ओरकैस्ट्रा में प्रथम स्थान पर कालेज आनी, बिलासपुर, धर्मशाला, शिमला दूसरे व तीसरे स्थान पर हमीरपुर, घुमारवीं व ढलियारा कालेज रहे। इससे पहले फोक सांग और वैस्ट्रन सांग में विभिन्न कालेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य, प्रो. सुनील कुमार मैहता, उप. प्राचार्य डा. एस.के. सोनी, डा. सतीश ठाकुर व डा. ध्यान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव ग्रुप–2 में झूमते दर्शक। (नितिन)







धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव ग्रुप–2 में प्रस्तुति देते धर्मशाला कालेज की गिरीशा, (मध्य) पी.जी. सैंटर शिमला तथा (दाएं) जी.सी. रामपुर। (नितिन)



धर्मशाला : धर्मशाला कालेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव ग्रुप–2 में प्रस्तुति देते पी.जी. सैंटर शिमला के प्रतिभागी। (नितिन)

युवा महोत्सव

मुनीष गारिया • धर्मशाला

साज, धुन और लय ... भावनात्मक और सही ... दूसरों तक पहुंचाने के लि... जरूरत नहीं होती है, वे ... दूसरों तक पहुंच जाते ... मंच पर साज, धुन और ...

(25)

# लोक गायन स्पर्धा में ऊना के युवाओं ने मारी बाजी

## पाश्चात्य गायन में फाइन आर्ट कॉलेज शिमला, तबला वादन में सुंदरनगर प्रथम



धर्मशाला कॉलेज में यूथ फेस्टिवल में पाश्चात्य समूहगान स्पर्धा की विजेता पीजी सेंटर शिमला की टीम। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव भाग-2 की लोक गायन प्रतिस्पर्धा में ऊना, पाश्चात्य गायन में फाइन आर्ट कॉलेज शिमला ने बाजी मारी। चार दिवसीय युवा महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत शर्मा मुख्यातिथि थे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो सुनील के मेहता ने चार दिवसीय आयोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

शास्त्रीय गायन में फाइन आर्ट शिमला पहले, ऊना कॉलेज और पीजी सेंटर शिमला दूसरे, भटोली, जोगिंद्रनगर और आरकेएमवी शिमला संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। तबला वादन में सुंदरनगर प्रथम, भटोली और ठियोग द्वितीय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी, फाइन आर्ट शिमला और जोगिंद्रनगर तृतीय, सितार वादन में फाइन आर्ट शिमला पहले, संजौली, पीजी सेंटर शिमला और संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर दूसरे, रामपुर, धर्मशाला और आरकेएमवी शिमला तीसरे,

### धर्मशाला महाविद्यालय में चार दिवसीय युवा महोत्सव का समापन

भारतीय समूहगान में पीजी सेंटर शिमला प्रथम, ऊना, द्रंग (नारला), धर्मशाला और अर्की द्वितीय, सोलन, जोगिंद्रनगर, आरकेएमवी शिमला और संजौली महाविद्यालय तृतीय रहा।

गीत गजल में भटोली प्रथम, ऊना, बिलासपुर, फाइन आर्ट शिमला, नालागढ़ द्वितीय, पीजी सेंटर शिमला, अर्की, कोटशेरा, धर्मशाला और आरकेएमवी शिमला तृतीय।

लोक गायन में ऊना प्रथम, अंब, संजौली, धर्मशाला और जोगिंद्रनगर द्वितीय, पीजी सेंटर शिमला, कुल्लू, रामपुर और द्रंग (नारला) तृतीय। पाश्चात्य समूहगान में पीजी सेंटर शिमला प्रथम, फाइन आर्ट शिमला, ऊना, चुवाड़ी और जोगिंद्रनगर द्वितीय, आरकेएमवी शिमला, रामपुर, अर्की, धर्मशाला और नगरोटा बगवां तृतीय।

पाश्चात्य एकल गायन में फाइन आर्ट शिमला पहले, कोटशेरा, धर्मशाला, राजगढ़ और पीजी सेंटर शिमला दूसरे, कुल्लू, नालागढ़, सोलन और हमीरपुर कॉलेज संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। लोक वाद्य वृंद में आनी महाविद्यालय पहले, बिलासपुर, धर्मशाला और पीजी सेंटर शिमला दूसरे, जबकि हमीरपुर, घुमारवीं और ढलियारा महाविद्यालय संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में डॉ ऊषा बगाती, डॉ जगमोहन, डॉ अशोक कुमार शर्मा, डॉ जिया लाल ठाकुर ने बतौर निर्णायक भूमिका अदा की। युवा महोत्सव भाग-2 के आयोजक सचिव डॉ सतीश ठाकुर और संयुक्त सचिव डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय युवा महोत्सव भाग-2 में प्रदेश से करीब 50 महाविद्यालय के 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

अमर उजाला
30/9/18

# धुन और लय से निकले भाव

## युवा महोत्सव में एक मंच में कई संस्कृतियां दिखा गए पीजी सेंटर शिमला के 11 युवा

मुनीष गारिया • धर्मशाला



धर्मशाला महाविद्यालय में शनिवार को युवा महोत्सव के अंतिम दिन प्रस्तुति देते पीजी सेंटर शिमला के प्रतिभागी • जागरण

साज, धुन और लय की प्रस्तुति भावनात्मक और सही हो तो भावों को दूसरों तक पहुंचाने के लिए लफ्जों की जरूरत नहीं होती है, वे तो खुद ब खुद दूसरों तक पहुंच जाते हैं। उस पर एक मंच पर साज, धुन और लय तीनों के संगम व अलग-अलग पौराणिक वाद्य यंत्रों की धुनों से विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होने का अवसर मिल जाए तो सोने पे सुहागा से कम नहीं। बस भाव प्रस्तुती का लहजा और मधुरता के रस में घुला सलीका हो तो सुनने वाला झूमने से नहीं रुक सकता है। ऐसा ही देखने को मिला धर्मशाला कॉलेज में आयोजित युवा महोत्सव भाग दो में।

पीजी सेंटर सेंटर शिमला की 11 सदस्यीय युवा वाद्य वृंद टीम ने बांसुरी वादक अखिल कुमार की अगुवाई में विभिन्न जिलों की संस्कृति से रूबरू करवाती ऐसी प्रस्तुति दी कि हर कोई प्रतियोगिता की पहली ही प्रस्तुति में झूमने के लिए मजबूर हो गया। टीम में बांसुरी पर अखिल कुमार, हारमोनियम पर पुलकित, ढोलक पर केतन, घुंघरू पर निशा, खड़ताल पर किरन, खंजरी पर पल्लवी व अंजलि, करनाल पर भीमसेन, मंजीरा पर किरण व चिमटा पर सुमन थे। बांसुरी पर शंखनाद से अखिल कुमार ने लंबा आलाप लिया तो साथ सभी दस वाद्य यंत्रों की थाप की शुरू हुई। टीम ने मंच पर शिमला की संस्कृति से रूबरू करवाते हुए शिमला का पुराना लोकगीत 'ढोली जा मेरे बोलो टिलुआ' बजाया। इसके बाद कलाकारों ने किन्नौर की संस्कृति को छूते हुए 'किशो साहब', और फिर सोलन के बाद कांगड़ा की ओर आते हुए 'भेड़ां तेस्यिां' की धुन पेश की। वाद्य वृंद प्रतियोगिता में पीजी सेंटर शिमला के बाद राजकीय महाविद्यालय ऊना, मेजबान कॉलेज धर्मशाला, आनी, कुल्लू व मंडी कॉलेज के युवाओं ने प्रस्तुतियां दीं। हर कॉलेज की टीम ने अपनी संस्कृति से जुड़े वाद्य यंत्र और अपनी ही धुन और धुनों में बांसुरी, रणसिंगा व नगाड़े की प्रस्तुति से चार चांद लगा रहे थे। हर टीम के वाद्य यंत्रों की मधुरता से पेश किए जा रहे गानों एवं भावों को लफ्जों से सुनने की जरूरत ही नहीं थी, हर कोई धुन से ही खुद को मंत्रमुग्ध करने में मशगूल रहा।

दैनिक जागरण
30/9/18

(९८)

# वालीबॉल में धर्मशाला कॉलेज फिर विजेता

## जोगेंद्रनगर में खिताबी मुकाबले में आरकेएमवी को हराया

**संवाद सहयोगी, जोगेंद्रनगर** : इंटर कॉलेज महिला वालीबॉल प्रतियोगिता का खिताब लगातार दूसरी बार राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की टीम ने जीत कर इतिहास रचा है। टीम की खिलाड़ी आयुषी, अंबिका, हेमलता, कमलेश, कृतिका, रविना और तनवी ने फाइनल मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। मंगलवार को जोगेंद्रनगर खेल मैदान में खेले गए वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में धर्मशाला महाविद्यालय को टीम ने आरकेएमवी शिमला को 25-6, 25-13 और 25-7 से हराकर विजेता बनी।

फाइनल मैच में मंडी जिला से संबंध रखने वाली दो महिला खिलाड़ी कमलेश और हेमलता ने धर्मशाला महाविद्यालय को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा तीसरे विजेता के लिए खेले गए मैच में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने मंडी महाविद्यालय की टीम को 25-15, 25-19 और 25-17 से हराया। समापन समारोह की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हेमराज ने की। उन्होंने सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा ट्रॉफी भेंट कर बधाई दी। हेमराज ने कहा कि प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कुशल नेतृत्व में युवा खिलाड़ी हर वर्ग की खेलों में अपना परचम लहरा रहे हैं, लेकिन खिलाड़ियों को सत्तासीन सरकारों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। इससे प्रदेश की खेलों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से खिलाड़ियों के लिए उचित बजट और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। इससे पहले जोगेंद्रनगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश अवस्थी ने मुख्यातिथि हेमराज का स्वागत किया तथा स्मृतिचिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका अमिता सिपहिया, मंजू बाला, दीप्ति कटोच, विधु भारद्वाज, हिना शर्मा, सीमा, चेतना, उपमा, आरती, शिवानी, रमा, चंपा, नेहा, सोनम, मीना, प्राध्यापक धर्मवीर, शमशेर, रविंद्र, सुशील, समजीत, ज्ञान, लवनेश, संतोष, धीरज, पवन, श्रवण, प्रदीप, दीपक, सतीश, यादविंद्र, शक्ति सिंह, रूप चंद, भरत आदि मौजूद रहे।



जोगेंद्रनगर में इंटर कॉलेज महिला वालीबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम • जागरण

दैनिक जागरण [3/10/18]

दिव्य हिमाचल 03/10/18

# धर्मशाला कालेज वॉलीबाल चैंपियन

**जोगिंद्रनगर—** राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में आयोजित प्रदेश विश्वविद्यालय की 44वीं अंतर्महाविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल धर्मशाला और आरकेएमवी शिमला के बीच में हुआ। इसमें धर्मशाला की छात्राओं ने 3-0 से वॉलीबाल का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह की अध्यक्षता एशियन वॉलीबाल टीम के खिलाड़ी रहे हेम सिंह ठाकुर ने की। महाविद्यालय धर्मशाला और आरकेएमवी शिमला के बीच में खेले गए फाइनल मुकाबले में धर्मशाला ने पहला सेट 25-6, दूसरा 25-13 और तीसरा सेट 25-7 से जीता। इसी के साथ आरकेएमवी शिमला दूसरे स्थान पर रहा। मंगलवार को तीसरे-और चौथे स्थान के लिए वॉलीबाल प्रतियोगिता पीजी सेंटर शिमला और महाविद्यालय मंडी के बीच हुई।




धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा युवाओं को नशे से दूर करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली में कर्नल डी.के.एस. चौहान, डा. मोनिका व डा. रंजीत ठाकुर सहित अन्य ने भाग लिया। (नितिन)

पंजाब केसरी 03/10/18

# धर्मशाला के कौशिक ने दिल्ली में चमकाया नाम

## देश के 17 डायरेक्टरेट ग्रुपों को पछाड़ा, प्वाइंट 7 सेंटीमीटर ग्रुप शूटिंग में प्राप्त किया पहला स्थान

विपिन चौधरी

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला की 5-एचपी कंपनी धर्मशाला में अंडर ऑफिसर कौशिक ने दिल्ली में शूटिंग में नाम कमाया है। कौशिक ने प्वाइंट 7 सेंटीमीटर ग्रुप शूटिंग में पहला स्थान हासिल किया है। इस स्पर्धा में देश भर की 17 डायरेक्टर ग्रुपों के प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया। जानकारी के अनुसार कौशिक का चयन थल सैनिक कैंप के लिए हुआ था। रोपड़ में आयोजित इस कैंप में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ से प्रतिभागी शामिल थे।



इस दौरान इन चारों ग्रुपों में धर्मशाला के कौशिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद कौशिक का चयन दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसमें देश भर की 17 डायरेक्टरेट जिनमें नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट जोन शामिल थे। इनमें आसाम, जम्मू, मध्य प्रदेश और यूपी सहित अन्य डायरेक्टरेट शामिल थे। दिल्ली में हुई इस स्पर्धा में कौशिक ने प्वाइंट 7 सेंटीमीटर ग्रुप में पांच गोलियां दाग दीं, जोकि अपने आप में एक रिकार्ड है। देश भर में प्रथम स्थान हासिल करने पर कौशिक को डीजीएनसीसी ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कौशिक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय हिमाचल के ओसी कर्नल डीकेएस चौहान, धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य एसके मेहता और डॉ. रणजीत सिंह को दिया है। उन्होंने बताया कि इन्हीं के मार्गदर्शन में वह इस उपलब्धि को हासिल कर सका है।

अमर उजाला 04/10/18

## धर्मशाला कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 17 को

धर्मशाला। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार 17 दिसंबर को किया जाएगा। धर्मशाला कालेज के प्राचार्य प्रो सुनील कुमार मेहता ने बताया कि इस एकदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर को डीवाईएसएसओ सिंथेटिक ग्राउंड धर्मशाला में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को मुख्य दो सत्रों में बांटा गया है, जिसमे सुबह के सत्र में पुरुष तथा महिला वर्ग की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 500 मीटर, 5000 मीटर की दौड़ों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, शाम के सत्र में ऊंचीकूद, लंबीकूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक व रिले दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## धर्मशाला कालेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 17 को

धर्मशाला, 14 दिसम्बर (ब्यूरो): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार 17 दिसम्बर को किया जाएगा। इस एकदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डी.वाई.एस.एस.ओ. सिंथैटिक ग्राउंड धर्मशाला में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को मुख्य 2 सत्रों में बांटा गया है।




# सौरभ, सुनीता बने बेस्ट प्लेयर

## धर्मशाला कॉलेज में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के सौरभ को पुरुष वर्ग और महिलाओं में तीसरे सत्र की सुनीता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

1500 मीटर की दौड़ में अजीत कपूर पहले, सुदर्शन सिंह दूसरे और राहुल धीमान तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में सुनीता पहले, कनीजो दूसरे और निकिता तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सौरभ गुलेरिया पहले,अनिक राणा दूसरे और अभिषेक तीसरे, महिला वर्ग में आंचल पहले, अदिति दूसरे और अंशिता तीसरे, ऊंची कूद कीपुरुष श्रेणी में निशांत पहले, राहुल दूसरे और रजत तीसरे, महिला श्रेणी में आंचल मीना पहले, अंशिता दूसरे, अदिति तीसरे, शॉट पुट में अमर पहले, विवेक दूसरे और प्रिंस तीसरे, 800 मीटर दौड़ में राहुल धीमान पहले, अजय दूसरेऔर अजय कुमार तीसरे, महिलावर्ग में कनीजो पहले, सुनीता दूसरे, अंशिता तीसरे, महिला लंबी कूद में आंचल पहले,



अंशिता दूसरेऔर अदिति तीसरे, महिलाओं की रस्सा कस्सी में ज्योति, महिमा, कनीजो,दीपिका और मुस्कान की टीम जीती, जबकि पुरुष वर्ग में पारस, सुधांशु, प्रिंस, अमर, राहुल, अभिषेक और अभय की टीम को विजेता घोषित किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता में प्रो मंजू बाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजकडॉ नरेश मनकोटिया, डॉ नरेश शर्मा, प्रोओपी कपूर, डॉ सतीश ठाकुर, डॉ हेमंत शर्मा औरडॉ निकेश आदि मौजूद रहे।

280

ठाकुर आदि मौजूद रहे।



सिंथेटिक ट्रैक में आयोजित धर्मशाला महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद के दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। अमर उजाला

गई है। ब्यूरो



सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती धर्मशाला कॉलेज की छात्राएं। अमर उजाला